''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 77 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 19 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री के बड़े ऐलान

## गरीबों के खातों में पहुंचेगी सहायता राशि, भर्ती घोटाले पर निशाना, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के सफल परिणाम

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कई अहम मुद्दों पर बयान देते हुए सरकार की योजनाओं और नीतियों का खाका पेश किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, 2008 के पुलिस भर्ती घोटाले और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रभाव को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना 70,000 लाभार्थियों को जल्द मिलेगी सहायता राशि**

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के तहत गरीबों को मकान बनाने के लिए अब तक वेरीफाई किए गए लगभग 70,000 लाभार्थियों के खातों में 150 करोड़ रुपये की राशि 20 मार्च तक स्थानांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने विधानसभा में विधायक शीशपाल केहरवाल के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि यह योजना गरीबों को आवास सुविधा देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। सरकार ने एक पोर्टल तैयार किया है, जिस पर आवेदकों का पंजीकरण और सत्यापन किया जाता है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीबों को उनका हक बिना किसी देरी के मिले।

**2008 का पुलिस भर्ती घोटाला युवाओं के साथ अन्याय**

मुख्यमंत्री ने 2008 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई हरियाणा पुलिस निरीक्षक भर्ती को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में युवाओं के साथ अन्याय हुआ, जिसे पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में अनुचित ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि योग्य उम्मीदवारों को दरकिनार कर गलत तरीके से अन्य लोगों को भर्ती किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हाल ही के विधानसभा चुनावों में युवाओं को बहकाने की कोशिश की गई और 50 वोट दो, एक नौकरी पक्की जैसे वादे किए गए, जो सरासर झूठे थे।

**'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का दिखा असर लिंगानुपात 910 तक पहुंचा**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 जनवरी 2015 को पानीपत से शुरू किए गए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के प्रभाव से हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। 2015 में यह 835 था, जो अब बढ़कर 910 हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान राजनीतिक नहीं,



बल्कि सामाजिक चेतना जगाने के लिए था। राज्य सरकार ने इसे प्रभावी रूप से लागू किया और बेटियों को बचाने के लिए कड़े कदम उठाए।

**पेंशन योजना में पारदर्शिता अब नहीं करना होगा इंतजार**

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले कांग्रेस सरकार के समय वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना में बुजुर्गों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। अब सरकार ने स्वचालित प्रणाली लागू कर दी है, जिससे जैसे ही कोई नागरिक 60 वर्ष की आयु पूरी करता है, उसकी पेंशन ऑटोमैटिक बन जाती है। अब किसी बुजुर्ग को पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।

**सरकार के दावे और विपक्ष के सवाल**

मुख्यमंत्री के इन बयानों के बाद विपक्ष ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और सरकार से योजनाओं को और प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की। बजट सत्र में आगे भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है।

## हरियाणा विधानसभा में हंगामा 'हुड्डागर्दी', 'गुंडागर्दी' और 'गुंडा' शब्द कार्यवाही से हटाए गए!



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज सदन में जमकर हंगामा हुआ। शून्यकाल के दौरान बिजली मंत्री अनिल विज द्वारा उपयोग किए गए 'हुड्डागर्दी' और 'गुंडागर्दी' शब्दों को और कांग्रेस विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान द्वारा कहे गए 'गुंडा' शब्द को विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

**क्या था पूरा मामला?**

शून्यकाल में जब बिजली व्यवस्था और सरकारी नीतियों पर चर्चा चल रही थी, तब बहस तीखी हो गई। इस दौरान बिजली मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए 'हुड्डागर्दी' और 'गुंडागर्दी' जैसे शब्दों का प्रयोग किया। इसके जवाब में कांग्रेस विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान ने 'गुंडा' शब्द का इस्तेमाल किया, जिससे सदन का माहौल और गरमा गया। विपक्षी विधायकों ने इन शब्दों को लेकर कड़ा विरोध जताया और अध्यक्ष महोदय से आग्रह किया कि इन्हें कार्यवाही से हटाया जाए। इस पर अध्यक्ष ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए सभी आपतजनक शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

**सदन में बढ़ा तनाव, सत्ता-विपक्ष में तीखी नोकझोंक**

इस घटनाक्रम के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि सरकार असंवैधानिक भाषा का इस्तेमाल कर रही है, जबकि बीजेपी नेताओं ने विपक्ष पर सदन में अनुशासनहीनता फैलाने का आरोप लगाया।

**क्या कहते हैं नियम?**

विधानसभा की कार्यवाही में अनुचित, आपतजनक और असंसदीय शब्दों का उपयोग प्रतिबंधित होता है। यदि कोई भी सदस्य ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करता है, तो अध्यक्ष के निर्देश पर उन्हें कार्यवाही से हटाया जा सकता है।

**अब आगे क्या?**

इस घटना के बाद सत्र के बाकी दिनों में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है। विपक्ष इस मुद्दे को और अधिक उछाल सकता है, जबकि सरकार इसे तूल न देने की कोशिश करेगी।

### निशुल्क जांच शिविर आयोजन 23 को

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ।** श्री श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट ( रजी.) व फॉर्टिस एस्कॉर्ट फरीदाबाद के सहयोग द्वारा निशुल्क जांच शिवर का आयोजन रविवार 23 मार्च 2025 को सिंगला धर्मशाला बल्लभगढ़ फरीदाबाद में होगा। ज्यादा जानकारी देते हुए संस्था के ट्रस्टी संजीव त्यागी ने बताया कि रविवार को संस्था व अस्पताल के सहयोग द्वारा एक निशुल्क शिवर का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें फरीदाबाद के एस्कॉर्ट हॉसपिटल से बड़े-बड़े डॉक्टर द्वारा जांच की जाएगी। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डियों रोग विशेषज्ञ, नेत्र जांच, बीपी, आरबीएस शुगर, ईसीज जैसी जांच विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। इस मौके पर प्रधान बृजेश ने कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे और निशुल्क जांचों का लाभ उठाएं।

## नई दिल्ली में राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान देशभर में प्राकृतिक खेती के विस्तार, नशामुक्ति अभियान और ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

**राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन पर चर्चा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के कल्याण, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन की घोषणा की गई है। यह 1 अप्रैल 2025 से पूरे देश और गुजरात में लागू किया जाएगा। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रधानमंत्री को गुजरात में इस मिशन के कार्यान्वयन की तैयारियों और योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा, विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को लेकर गुजरात के विश्वविद्यालयों के युवाओं की भागीदारी पर भी चर्चा हुई।

**गृह मंत्री अमित शाह से नशामुक्ति और ऊर्जा संरक्षण पर चर्चा**

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस दौरान नशामुक्ति अभियान में विश्वविद्यालयों के छात्रों की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही, गर्मी के मौसम में बिजली की मांग को संतुलित करने, ऊर्जा बचत अभियान और विवेकपूर्ण बिजली उपयोग को लेकर भी बातचीत हुई। बैठक के दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को अपनी शुभकामनाएं दीं और इन महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियानों में गुजरात की भूमिका को लेकर प्रतिबद्धता जताई।

## अग्रवाल कॉलेज में फ्यूचर स्किल्स प्राइम पर कार्यशाला का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ।** 18 मार्च, 2025 को कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने बीसीए और बी.वोक (एसडी) के विद्यार्थियों के लिए फ्यूचर सकिल्स प्राइम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया।

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सचिन गर्ग, प्रभारी (विंग 1) के प्रभावी नेतृत्व में किया गया। नैसकॉम फाउंडेशन, फरीदाबाद से श्री सागर इस सत्र के संसाधन व्यक्ति थे। सत्र की शुरुआत में सुश्री ज्योति गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया और श्री सागर को पुष्पगुच्छ भेंट किया। श्री सागर ने एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, ढ्ढश्ज्ञ और साइबर सुरक्षा के प्रशिक्षण में हाल के विकास पर चर्चा की और विभिन्न क्षेत्रों में इन तकनीकों को एकीकृत करने पर बढ़ते जोर पर प्रकाश डाला, उसके बाद संसाधन व्यक्ति ने आईटी क्षेत्र में कुछ सबसे अधिक मांग वाले कौशल तकनीकी कौशल (डिजिटल मार्केटिंग, एआई, एमएल, ढ्ढश्ज्ञ, ब्लॉकचेन), सॉफ्ट सकिल्स (डिजिटल साक्षरता, संचार कौशल, महत्वपूर्ण सोच और टीम वर्क), उभरती हुई प्रौद्योगिकियां (क्वांटम कंप्यूटिंग, वीआर और एआर आदि) हैं। ये विकास एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, ढ्ढश्ज्ञ और साइबर सुरक्षा में कौशल को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं, जो समकालीन तकनीकी चुनौतियों का समाधान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। छात्रों ने बहुत सारे प्रश्न पूछे और सागर जी ने प्रत्येक प्रश्न को बहुत सरल और समझने योग्य भाषा में समझाया।

सत्र में लगभग 80 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन सुश्री रीना किंगर, सुश्री प्रीति शर्मा, सुश्री पूनम शर्मा द्वारा किया गया। इस सत्र में सुश्री पारुल सिंगला, सुश्री निशा और अन्य संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

## नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई



भाजपा फरीदाबाद के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह को बधाई और शुभकामनाएँ देते भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता। चित्र: समाचार गेट

मेट्रो के जरिए पलवल और गुरुग्राम से जुड़ेगा फरीदाबाद

## मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के विकास के लिए की हमारी मनभावन घोषणाएं: राजेश नागर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट 2025 में फरीदाबाद के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की है। उन्होंने आज फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के विकास कार्यों के लिए दिए गए 600 करोड़ रुपए के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस राशि से शहर में पेयजल की आपूर्ति एवं सीवरज व्यवस्था और सड़क नेटवर्क को मज़बूत किया जाएगा। इसके साथ ही सीईटीपी की स्थापना की जाएगी जिसमें सीवेरज के पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।



नागर ने कहा कि बजट में फरीदाबाद के लिए कुल 11 घोषणाएं की गई हैं। जिनके जरिए शहर के बुनियादी ढांचे के विकास, किसान, महिलाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब फरीदाबाद मेट्रो रेल के जरिए गुरुग्राम और पलवल से भी जुड़ेगा। इसके लिए बल्लभगढ़ से पलवल तक और बाटा चौक फरीदाबाद से गुरुग्राम तक मेट्रो के एक्सटेंशन को मंजूरी देने का भी उन्होंने स्वागत किया। इस बजट में किसानों के हित में भी कई घोषणाएं की गई हैं। इसके साथ साथ सूरजकुंड मेला अब साल में दो बार आयोजित किया जाएगा। नागर ने कहा कि यह बजट हरियाणा वासियों के लिए मनभावन है और खुशियों की सौगात लेकर आया है। उन्होंने कहा कि इससे बजट राशि मिलने से विकास में तेज़ी आएगी और नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा।

राज्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 12 में से 6 मांगों को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा तेज़ी से तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आज कहा कि बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे बाहर से नौकरी पर आने वाली महिलाओं को राहत मिलेगी। सरकारी अस्पताल में अत्याधुनिक मातृत्व - शिशुत्व केंद्र स्थापना की घोषणा भी बजट में की गई है। इसके अलावा अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी निर्माण होगा। लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बल्लभगढ में नया बस स्टैंड बनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया। इससे बल्लभगढ़ से सफर करने वाले हज़ारों यात्रियों को फायदा होगा। मॉडल संस्कृति स्कूल में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स की स्थापना की जाएगी जिससे छात्रों को आरम्भ से ही खेलों से जोड़ा जाएगा।

नागर ने कहा कि फरीदाबाद में किसानों के लिए बीज प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी। इससे किसान उच्च स्तर का बीज सही दामों पर खरीद सकेंगे। फरीदाबाद में बागवानी मिशन की शुरुआत भी एक नई सौगात है।

# हाई अलर्ट पर पुलिस तहसीलों में वकीलों का प्रदर्शन शुरू

**लखनऊ।** में कई चौराहों पर पुलिस हाई अलर्ट पर है। बैरिकेडिंग के साथ पुलिस बल सड़कों पर उतारा जा रहा है। पुलिस जवान लाठी और सेफ्टी जैकेट से लैस हैं। यह तैयारी वकीलों के हड़ताल पर जाने और शहर में रैली निकालने के ऐलान के बाद की जा रही है।
दरअसल, विभूतिखंड थाने में होली पर हुए विवाद के बाद वकीलों और पुलिस में टकराव है। वकील मामले में आज पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर अपने ऊपर लगे मुकदमे वापस करने की मांग रखेंगे। पुलिस ने विवाद के बाद 150 वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी।
अवध, लखनऊ और सेंट्रल बार एसोसिएशन ने आपात बैठक बुलाई, जिसमें आज से न्यायिक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। हाईकोर्ट और जिला कोर्ट के कामकाज आज ठप हैं। तहसीलों में प्रदर्शन शुरू हो गया है।आपात बैठक में 11 प्रस्ताव पास, वकीलों की कार्रवाई तेज
लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी, मंत्री ब्रज भान सिंह, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह कुशवाहा और मंत्री अमरेश सिंह की अगुआई में लाइब्रेरी हॉल में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में 11 प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें वकीलों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।बैठक में वकीलों ने कहा कि पुलिस यातायात डायवर्जन और स्कूल



बंद कराकर वकीलों की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। मांग की कि विभूति खंड थाने के दोषी पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित किया जाए। अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को फर्जी बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की जाए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। कहा कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति भ्रामक है।
वकीलों ने दी आंदोलन की चेतावनी वकीलों के विरोध के बाद एक इंस्पेक्टर समेत 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, पुलिस ने भी दो नामजद और अन्य अज्ञात वकीलों पर मुकदमा दर्ज किया है। अधिवक्ताओं ने साफ कहा है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और तेज होगा। विवाद बढ़ने के बाद एक इंस्पेक्टर समेत नौ पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। पुलिस ने भी दो नामजद वकीलों समेत कई अज्ञात अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया है, जिसे वकीलों ने फर्जी बताया है। वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज होगा। हाई कोर्ट के अवध बार एसोसिएशन कार्यालय में सेंट्रल बार एसोसिएशन और लखनऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारी पहुंचे। सरोजनी नगर तहसील के वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। लखनऊ कलेक्ट्रेट के आसपास जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। साथ ही पुलिस बल मुस्तैद है। मोहनलालगंज में वकील सड़क पर उतर चुके हैं। 'आवाज दो, हम एक हैं' नारा लगा रहे हैं। पुलिस तुम्हारी तानाशाही नहीं चलेगी और हमसे जो टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा जैसे नारे वकील लगा रहे हैं। मोहनलालगंज तहसील के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और वकीलों ने जुलूस निकाला। इस दौरान सबने पुलिस के लिए मुदार्बाद के नारे लगाए। स्वास्थ्य भवन चौराहा, बेगम हजरत महल पार्क, परिवर्तन चौराहा और क्लार्क अवध होटल के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी है।
डीएम कार्यालय के पास कलेक्ट्रेट चौराहा पर भी बैरिकेडिंग लगाई।

## अवैध असलहा रखने वाले गुनाहगार को तीन साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ पांच हजार रुपये का जुमार्ना

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मुस्कुरा में 4 अगस्त 2011 में
जलालपुर के पुरैनी निवासी अभियुक्त देशराज पुत्र राम प्रकाश के पास से तलाशी के दौरान मुस्कुरा पुलिस ने अवैध असलहे के साथ ही अवैध कारतूस बरामद होने के बाद अ0सं0-450/2011 धाराझ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने अभियुक्त को गुनाहगार मानते हुये तीन साल की सख्त सजा के साथ ही किया पांच हजार रुपये का जुमार्ना, वही मामले की जांच एस आई वासुदेव यादव ने



पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, जबकि अभियोजन की तरफ से तेज तर्रार एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ला की अदालत में जोरदार पैरवी की बदौलत अभियुक्त देशराज पुत्र राम प्रकाश को तीन साल की सजा के साथ ही पांच हजार रुपये का जुमार्ना मुमकिन हो सका।

# विकास कार्यों के लिए विधानसभा कुशीनगर को मिली करोड़ों की सौगात

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा में विधायक पी.एन पाठक के प्रस्ताव पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए सात करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिली है। प्रथम किश्त के रूप में लगभग ढाई करोड़ की धनराशि भी जारी कर दिया गया है।विधानसभा में विकास कार्यों के लिए करोड़ों की सौगात मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने विधायक श्री पाठक के प्रति धन्यवाद व आभार जताया है। लोगों ने कहा कि कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में विधानसभा अपना स्वर्णिम गाथा लिख रहा है। कुशीनगर विधायक पी.एन



पाठक के प्रस्ताव पर कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के नगरपालिका परिषद कुशीनगर में वार्ड नंबर तीन संत गाडगेनगर में वंदन योजना के अंतर्गत लगभग एक करोड़, 53 लाख की लागत से विख्यात खरदर माता स्थान (नौकटोला) के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य हेतु व नगरपालिका कुशीनगर के विभिन्न वार्डों में जलजमाव से मुक्त करने हेतु सीवरेज एवं जल निकासी योजनांतर्गत नपा के विभिन्न वार्डो में लगभग 2 करोड़,11 लाख 98 हजार की लागत से आर.सी.सी. नाले के निर्माण एवं नगरपालिका कुशीनगर के वार्ड न. 10, वाल्मिकीनगर में दीनापट्टी सड़क पर लगभग 66 लाख, 23 हजार की लागत से नेटूआ वीर बाबा के पास तालाब का सौंदर्यीकरण व विकास समेत नगरपालिका परिषद कुशीनगर में पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु लगभग 2 करोड़ की लागत से विभिन वार्डों में पेयजल व्यवस्था व पाइप लाइन विस्तार होगा, जिसकी वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य अनवरत जारी रहेंगे। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना प्राथमिकता में है। सभी प्राचीन धर्मस्थलों का कायाकल्प कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य मंदिर परिसर को न केवल आधुनिक रूप में विकसित करना है। विधायक पी. एन पाठक ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा का कुशीनगर की जनता की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जिला अस्पताल में मरीज को एक्सपायर इंजेक्शन दिया

**बुलंदशहर।** के बाबू कल्याण सिंह जिला अस्पताल में एक्सपायर इंजेक्शन देने का मामला सामने आया है। सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने सोमवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और दवाइयों की जांच की। मामला अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव खेलिया की 20 वर्षीय मुस्कान का है। उसे पेटदर्द, सांस लेने में तकलीफ और उल्टी की शिकायत पर 12 मार्च को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार सुबह ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने मरीज को कुछ इंजेक्शन दिए। मरीज के पिता रियाजुद्दीन ने जब इंजेक्शन की जांच की तो पेटदर्द का इंजेक्शन एक्सपायर पाया गया। परिजनों की शिकायत पर स्टाफ ने इंजेक्शन वापस ले लिया। आरोप है कि एक महिला स्टाफ और एक बाहरी युवक ने परिजनों



के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य ने चार सदस्यीय जांच टीम गठित की है। 48 घंटे में मांगी गई जांच रिपोर्ट टीम में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक, अस्पताल के सीएमएस, एक वरिष्ठ चिकित्सक और मैट्रन को शामिल किया गया है। टीम को 48 घंटे में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने की बात कही है।

# सघन स्वास्थ्य एवं संचार के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**संवाददाता**
**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर विकास खण्ड कसया के ग्राम पंचायत कुड़वा दिलीपनगर पंचायत भवन पर सघन स्वास्थ्य एवं संचार अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर काशुभारम्भ संजय कुमार सिंह चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया ने फीता काट कर किया।
इस स्वास्थ्य शिविर में उच्च जोखिम समूह व प्रवासियों का सामान्य जांच, दवा वितरण, एचआईवी एड्स एवं यौन संचारित रोगों का परामर्श परीक्षण एवं उपचार तथा गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व प्रचार प्रसार सामग्री, कंडोम की प्रदर्शनी व वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 181 व्यक्तियों का पंजीकरण व 141 व्यक्तियों का एच आई बी की स्कैनिंग एवं परामर्श तथा 15 व्यक्तियों की यौन जनित रोग की परामर्श जांच एवं उपचार किया गया।
स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के चिकित्साधिकारी डॉङ्क सावित्री सिंह,मीरा दुबे, विक्रांत यादव, परामर्शदाता आईसीटीसी पूनम भारती, राजेश कुमार, तारकेश्वर सिंह परियोजना प्रबन्धक लक्षित हस्तक्षेप परियोजना (सवेरा) पूनम देवी, प्रेमशीला प्रजापति, सुगंधी पांडेय, गुड्डी देवी, कालिंदी देवी, सीमा गुप्ता उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण से ही भारत बनेगा विकसित: राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

## स्कूल किट्स, हेल्थ किट्स, बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड और मुसहर समुदाय को आवास पट्टा का हुआ वितरण

**संवाददाता**
**कुशीनगर।** विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक है। बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से छोटे बच्चों को मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से सुदृढ़ और शक्त बनाने में योगदान करना होगा।
उक्त बाते प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आंगनवाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल किट्स, हेल्थ किट्स, 70 वर्ष के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड वितरण और मुसहर समुदाय को आवास पट्टा वितरित करते हुए कही। कहा कि यही बच्चे आगे चलकर देश को विकसित करने में अपना योगदान देते हैं, जिस प्रकार फसल को तैयार करने से पूर्व हमलोग धरती को तैयार कर आधार मजबूज बनाते है। खाद बीज की व्यवस्था कर फसल तैयार करते है, ठीक उसी प्रकार बच्चों में संस्कार विचार का ज्ञान दने उपरान्त प्राथमिक शिक्षा व उच्च शिक्षा प्राप्त कराने के उपरान्त यह सभी बच्चे देश-विदेशों में नाम व यश की कीर्ति फैलाते है। बेटा हो या बेटी बिना फर्क किये उन्हे शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाये। शत प्रतिशत हॉस्पीटलों में उचित प्रकार डिलीवरी हो तथा जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ्य रहे। सभी शिशुओ का लालन-पालन एक समान होना चाहिए। आंगनबाड़ी केन्द्रो में पढने वालो बच्चों के अन्दर अत्यंत प्रतिभाएं छिपी रहती है, उनकी प्रतिमाओं को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देते हुए उनका मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। आंगनबाडी केन्द्रो को संसाधनो से युक्त करने, सुविधाओं से लैस व परिपूर्ण करने हेतु पूरे उ०प्र० में 30000 आंगनबाड़ी केन्द्रो में संसाधन युक्त किट का तथा जनपद में 250 आंगनबाड़ी केन्द्रो मे किटों का वितरण किया जा रहा है। राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विभिन्न स्टॉलो के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा निपुण भारत मिशन से सम्बन्धित स्टॉल कृषि विभाग के उर्वरकों के बारे में व फसल सुरक्षा हेतु जागरूकता से



सम्बन्धित स्टॉल, उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत हल्दी एवं केले से बने उत्पादो से सम्बन्धित स्टॉल, उ० प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत नमो ड्रोन दीदी से सम्बन्धित स्टॉल ओ०डी० ओ०पी० उघोग विभाग अन्तर्गत केले से बने विशिष्ट उत्पाद यथा आचार, जूस, आटा, चिप्स आदि से सम्बन्धित स्टॉल, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल का अवलोकन किया। राज्यपाल फसल सुरक्षा, हल्दी तथा केले उद्योग के निमार्ण व उत्पाद बनाने की प्रक्रिया, नर्सरी में उत्पादित प्रति वर्ष छोटे पौधो की संख्या, ड्रोन दीदी के अन्तर्गत मिलने वाले छिडकाव हेतु ऑडर के बारे में जानकारी भी ली। आंगनबाड़ी केन्द्रो के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति भी की गई। स्वच्छता संदेश के गीत व नाट्य प्रस्तुति पर राज्यपाल ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के कुशीनगर क्षेत्र के विजेता कु० जान्हवी एवं कु० श्रेया द्विवेदी ने अपने निबंध भाषण से विकसित भारत में मातृ शक्ति का योगदान और विकसित भारत के सपने को साकार करने की परिकल्पना को व्यक्त किया। 10 आंगनबाड़ी केन्द्रो को प्री स्कूल किट्स, 10 आंगनबाड़ी केन्द्रो को हेल्थ किट्स, 10 मुसहर समुदाय के लाभार्थियों को आवासीय पट्टा प्रमाण पत्र, 05 ओडीओपी योजनान्तर्गत टूल किट्स, 05 स्वयं सहायता समूह के महिलाओं का प्रशास्ति पत्र, डेमो चेक, 05 सफाई कर्मियों एवं केयर टेकरो का सफाई किट, 05 आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण हुआ। राज्यपाल ने चिकित्सालयों व हेल्थ सेन्टरो में मिलने वाली दवाईयो का समय-समय से निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। कहा कि सभी हेल्थ अधिकारी दवाओं पर पैनी नजर रखे। उन्होने पुलिस के अधिकारियों को बार्डर एरिया की अवैध व संदिग्ध गतिविधियो पर पैनी नजर बनाये रखने के निर्देश दिए। कहा कि बार्डर एरिया में सतत दृष्टि बनाये रखे। पूर्वजो की तरह आने वाली भविष्य की पीढ़ी के लिए पानी की बचत करे। साथ ही जनपद मे नशे की लत से छुटकारा पाने हेतु नशामुक्ति अभियान वृहद स्तर पर चलाए। दहेज प्रथा, बाल विवाह व समाज की कुरीतियो को दूर करने हेतु सतत कदम उठाये।उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो से कहा कि आप बचपन से ही बच्चो को आत्मनिर्भर बनाने की सीख दे। आईना-कंधी, सुई धागा बटन, नाखून कटाने के माध्यम से बच्चो के साथ-साथ उनके अभिभावकों में स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की सीख भी दी। उन्होने सभी उपस्थित लोगो से अपील की, की वे 9-14 साल की बच्चियो को कैसर से बचाव हेतु वैकसीन अवश्य लगवायें। कार्यक्रय मे विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड, विधायक फाजिलनगर सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, विधायक खड्डा विवेकानन्द पाण्डेय, विधायक हाटा मोहन वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी गुजंन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह समस्त उपजिलाधिकारी गण, समस्त क्षेत्राधिकारी गण, नगर पालिका पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल, हाटा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव तथा अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद स्तरीय अधिकरी, कर्मचारी गण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदश के हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत धारा 74 इठर व 9( )/10 पाक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे चन्द पुरवा निवासी 25 वर्षीय अभियुक्त शीलू पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई राजवीर सिंह सहित कांस्टेबल अर्पित कुमार शामिल रहे।



### 323 पदयात्री थाई बौद्ध भिक्षुओं ने की बुद्ध वंदना कर की विश्व कल्याण की कामना



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।**
बुद्ध स्थली कुशीनगर तीर्थाटन पर आए 323 थाई पदयात्री बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना कर विश्व कल्याण की कामना की। उपासकों ने भिक्षुओं को भोजन दान दिया गया। मंगलवार को कुशीनगर पहुंचे भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ के साथ तथागत बुद्ध का पूजन, अर्चन किया और चीवर चढ़ाया। भिक्षु माथा कुंवर मंदिर, बुद्ध धातु वितरण स्थल, रामा भार स्तूप पहुंचकर बुद्ध की पूजा की। घनश्याम दूबे, नाग मणि, विक्की, आलोक, प्रशांत, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित स्थानीय उपासकों ने भिक्षुओं के पिंड पात्र में फल, खाद्य आदि दान किया। इससे पूर्व कुशीनगर तीर्थाटन पर आए भिक्षुओं के दल के प्रमुख भंते चलान ने बताया कि भिक्षु थाईलैंड से 7 मार्च को बोध गया पहुंचे हैं और वहां से बौद्ध भिक्षुओं का दल पैदल बनारस, लुंबिनी श्रावस्ती होते हुए कुशीनगर पहुंचा। यहां से दल वैशाली, केसरिया, नालंदा होते हुए बोधगया पहुंचेगा और 30 मार्च को स्वदेश रवाना हो जाएगा। दल हर साल बौद्ध तीर्थ के यात्रा पर भारत आता है।

### मुख्यमंत्री के दिए चरखे पर आया पालिका चेयरमैन का दिल

**बुलंदशहर।** में स्वच्छता अभियान में शानदार कार्य करने के महिला सभासद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिए चरखे पर पालिका चेयरमैन का दिल आ गया। महिला सभासद की गैरमौजूदगी में चेयरमैन उनके घर से सम्मान स्वरूप दिए गए




चरखे को ही ले गए। अब वापस मांगने पर आरोपी चेयरमैन महिला सभासद पर तेजाब डालने और शहर से भगाने की धमकी दे रहे हैं। महिला सभासद की तहरीर पर आरोपी चेयरमैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। खानपुर कस्बा निवासी सभासद रूही खान पत्नी महाराज खान को वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा अभियान के तहत लखनऊ में सम्मानित किया था। सम्मान स्वरूप चरखा भेंट किया था। उनकी गैर मौजूदगी में तत्कालीन नगर पालिका चेयरमैन मुस्तफा कमाल पुत्र शौकत अली ने वह चरखा इदरीश पुत्र शफीक अंसारी के द्वारा यह कहकर मंगवा लिया कि मेरे कुछ दोस्त आए हुए हैं, उन्हें यह चरखा दिखाना है। महिला सभासद का आरोप है कि तब से लेकर आज तक वह चेयरमैन से अपना चरखा मांगती रहीं , लेकिन हमें वह चरखा देने में आनाकानी करते रहे। 14 मार्च को जब मैंने वापस चरखा मांगने के लिए चेयरमैन को फोन किया तो चेयरमैन मुस्तफा कमाल ने उन्हें गाली गलौच देनी शुरू कर दीं। चेयरमैन ने उन्हें और उनकी बेटी को गाली दी। हमारे लिए आपत्तिजनक शब्द कहे। धमकी देते हुए कहा- तेरे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा। तुझे मारकर खानपुर में दफना दूंगा। महिला सभासद की तहरीर पर आरोपी नगर पालिका चेयरमैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### एकसड़ा पुल के नीचे मिले संदिग्ध बोरे

**बस्ती।** जिले के एकसड़ा पुल के नीचे कई बोरों में मांस मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बोरों से आ रही तेज दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि बोरों में मांस भरा हुआ है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो



सका है कि यह किस जानवर का मांस है। पुलिस ने सभी बोरों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुल के नीचे कई बोरों में मांस मिलने से सनसनी फैल गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से सैंपल एकत्र किए हैं। मांस की पहचान के लिए सैंपल को लैब भेजा गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मांस से भरे बोरे यहां किसने और क्यों फेंके।
नगर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, घटना से जुड़े सुराग ढूंढने के लिए आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि बोरे छावनी थाना क्षेत्र में मिले हैं।

### छप्पर में लगी आग, झुलसी भैंस, ग्रामीणों ने बचाई जान

**हरैया।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनहा गांव में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुबह साढ़े दस बजे रामस्वरूप के घर में भैंस के छप्पर में आग लग गई। रामस्वरूप ने अपने घर के पास भैंस के लिए छप्पर बनवा रखा था। सर्दी से बचाव के लिए जल रहे अलाव की चिंगारी तेज हवा के झोंके से उड़कर छप्पर तक पहुंच गई। इससे छप्पर में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर छप्पर के नीचे बंधी भैंस को बाहर निकाला। तब तक भैंस बुरी तरह झुलस चुकी थी। ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया।तेज हवा चल रही थी।

## संपादकीय

# जातिवाद: बिल्ली के गले मे घंटी कौन बांधेगा...?

बेबाक अंदाज में अपनी बात कहने के लिए मशहूर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर से जातिवाद को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। देश में जाति, धर्म और भाषा के नाम पर मचे राजनीतिक बवाल के बीच नितिन गडकरी ने अपने ताजा बयान से सबको आईना दिखाने की कोशिश की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर स्थित 'सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस' में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए एक बार फिर से जाति की बात करने वालों को कसके लात मारने की बात कही है। गडकरी ने जोर देते हुए कहा कि, किसी भी व्यक्ति के साथ जाति, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, जो करेगा जात की बात, उसको कसके मारूंगा लात''। इस देश की राजनीति की विडंबना देखिए कि, यहां अब शायद ही कोई ऐसा राजनीतिक दल बचा है जो चुनावी रणनीति बनाते समय जातिगत समीकरण को ध्यान में ना रखता हो। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि उम्मीदवारों को टिकट देते समय भी सबसे ज्यादा ख्याल क्षेत्र के जातिगत समीकरणों का ही रखा जाता है। यह हालत सिर्फ सांसदों या विधायकों के चुनाव में ही दिखाई नहीं देता है बल्कि वार्ड मेंबर से लेकर पंचायत चुनाव तक राजनीतिक दल जातीय समीकरण और गणित का ध्यान रखते हुए ही उम्मीदवार तय करते हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य कई विपक्षी दलों के नेता बार-बार जाति जनगणना का राग अलाप रहे हैं। जाति आधारित जनगणना कई राज्यों में राजनीति और चुनाव का बड़ा मुद्दा बन चुका है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में इसी मसले पर विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है। देश के राजनीतिक दलों ने जातिवाद का बीज इतने गहरे तक बो दिया है कि उम्मीदवारों की लिस्ट तो छोड़िए, अब पार्टी पदाधिकारियों की घोषणा करते समय भी उनकी जाति खासतौर से बताई जाने लगी है। देश के राजनीतिक दल बड़े ही गर्व से यह बताते नजर आते हैं कि उन्होंने किस जाति के कितने नेताओं को पार्टी की राष्ट्रीय टीम में जगह दी है। ऐसे माहौल में नितिन गडकरी जैसे बड़े कद के नेता का बार-बार जातिवाद के खिलाफ बयान देना अपने आप में एक बड़ा और महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश माना जा सकता है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि सड़कों के निर्माण के मामले में सदन के अंदर से लेकर बाहर तक नितिन गडकरी के कामकाज की तारीफ करने वाले केंद्रीय मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री, विधायक, एमएलसी, मेयर, पार्षद, मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधि क्या गडकरी की सलाह मानेंगे ?




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

# छठा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 22 मार्च 2025 को

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट रजि. बल्लभगढ़ द्वारा शनिवार 22 मार्च 2025 को शाम 7:00 बजे से अग्रवाल कॉलेज,तिगांव रोड,बल्लभगढ़ के प्रांगण में श्री श्याम भैया जी,श्री श्याम हवेली ग्वालियर वाले व श्री राहुल शर्मा जी,श्री दरबार फरीदाबाद वालो के पावन सानिध्य में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का छठा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 2025 बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है,जिसमें भक्तों के साथ मिलकर भजनों की रसधारा बहाने आ रहे हैं परम श्रद्धेय श्री नंदकिशोर शर्मा जी नंदू भैया जी श्री धाम वृंदावन से,श्याम सखी सुश्री गौरी साक्षी जी वृंदावन से,श्री मनीष गर्ग घी वाले धमाल किंग जयपुर से,श्री मनीष श्याम लाडला जी फरीदाबाद,से श्री नितिन श्याम दीवाना जी बल्लबगढ़ से व मंच संचालक करेंगे श्री सुशील गौतम जी दिल्ली से,ट्रस्ट के चेयरमैन श्री श्याम सुंदर गोयल जी ने बताया की कीर्तन में बाबा का भव्य दरबार आलौकिक श्रृंगार के साथ अखण्ड ज्योति जलेगी व आए हुए सभी भक्तों पर फूलों की वर्षा की जाएगी व सभी के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। वही ट्रस्ट के संयोजक प्रदीप गुप्ता ने बताया की शनिवार 22 मार्च को प्रात: 8:00 बजे श्री सनातन दुर्गा मंदिर,आदर्श नगर,बल्लबगढ़ से श्री श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा बैंड बाजो,डी.जे.ताशों के साथ बाबा के भव्य श्रृंगार रथ के साथ 501 निशानो की निशान यात्रा पूरे शहर से होते हुए महोत्सव स्थल अग्रवाल कॉलेज तक निकाली जाएगी। यात्रा में मुख्य आकर्षण ड्रोन हेलीकॉप्टर से पूरे शहर में निशान यात्रा पर फूलों की वर्षा की जाएगी।

# शादी समारोह में चोरी के मामले में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 2 लाख बरामद



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने के दिए गए दिशा निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर- 56 की टीम ने शादी समारोह से पैसे चोरी के मामले में आरोपी दिनेश व अवतार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में सुनील कुमार वासी संजय कॉलोनी ने दी अपनी शिकायत में बताया कि 27 फरवरी को उसके बेटे की लगन सगाई का प्रोग्राम था, जहां से कोई नामालूम पैसों से भरा बैग उठा ले गया, बैग में करीब 3,80,000/- रु थे। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में चोरी से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी दिनेश से पूछताछ में पता चला कि वह शिकायतकर्ता का पड़ोसी हैं तथा उसके बेटे की लगन सगाई के प्रोग्राम में शामिल होने के लिए गया था। जहां पर उसने पैसों से भरा बैग चुरा लिया। आरोपी दिनेश से चोरी के 1.25 लाख रुपए व अवतार से 75000 रुपए बरामद किए गए है। आरोपियों को बाद पूछताछ माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# महिला की हत्या में संलिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने किया किया गिरफ्तार

**बवानिया में 12 मार्च को हुए झगडे में गंभीर रूप से घायल महिला ने रोहतक में ली थी अंतिम सांस**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आपसी कहासुनी में हुए झगड़े में चोट लगने के कारण इलाज के दौरान हुई प्रवासी महिला मृत्यु के मामले में कार्रवाई करते हुए कनीना सदर थाना पुलिस टीम ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान राजेश वासी लोहगढ, थाना अतरौली, जिला अलीगढ़ यूपी और मुन्ना लाल वासी निवारी बांगर, थाना नरौरा, जिला बुलंदशहर यूपी के रूप में हुई है। वारदात के बाद आरोपी फरार होने की जुगत में थे जिन्हें पुलिस ने मोहनपुर टी - प्वाइंट से धर दबौचा। थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को पूछताछ कर आरोपियों को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया गया जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने हमले में प्रयुक्त ईंट को भी बरामद किया है।



शिकायतकर्ता सचिन कुमार वासी गाँव रायपुर दलपतपुर, थाना अतरौली जिला अलीगढ ने थाना सदर कनीना में दी शिकायत में कहा था कि वह पिछले 4 माह से माता-पिता व आकाश, सुशील कुमार,निरंजन सिंह, चरन सिंह व सुखबीर सिंह के साथ गाँव बवानिया के ईंट भट्टा पर मेहनत मजदूरी काम करता था। इसी भट्टे पर उनके गांव के नजदीक के ओर भी व्यक्ति काम करते थे। 12 मार्च को रात्रि के समय मुन्ना निवासी निवारी नरोरा पॉवर प्लांट व राजेश निवासी निवारी नरौरा सहित उनके तीन अन्य रिश्तेदारों ने शराब पीकर उनके साथ झगड़ा किया और मारपीट की थी। ईंट मारने से सचिन की माता सुनहरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसने पीजीआईएमएस रोहतक में उपचार के दौरानदम तोड दिया था।

# जल जीवन मिशन योजना कागजों में पूरी आज तक खानपुर घाटी गांव में नही आई पानी की एक बूंद



**डीसी विश्राम कुमार मीणा के रमजान माह में पानी देने के आदेश की विभाग के अधिकारी उड़ा रहे हैं धज्जियां**

**पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन और ग्रामीणों ने विभाग पर लगाए ठेकेदार के साथ मिलकर भ्रष्टाचार के आरोप**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** डीसी साहब खानपुर घाटी के लगभग आधा दर्जन मोहल्लों में पीने का पानी नहीं है, महिलाएं रमजान के महीने में पीने के पानी के लिए काफी दूर दूर तक भटक रही हैं और विभाग के अधिकारी आपके आदेशों की लगातार धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा कहना है खानपुर घाटी के निवासी और पिनगवां पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन साहिब कलाम और सैकड़ो ग्रामीणों का है जो रमजान के पवित्र माह में भी पीने के पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं।

पिनगवां पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन और खानपुर घाटी के निवासी साहिब कलाम ,अब्दुल मजीद ,हाजी दिनू, हाजी सलाउद्दीन और तारीफ का कहना है कि उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 12 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाई गई थी ,लेकिन उनके गांव में आज तक भी उन पाइप लाइनों में पीने का पानी नहीं आया है और ना ही उनमें ठूंटी लगाई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक बौर लगा हुआ था, जिसकी मोटर और डिलीवरी को ठेकेदार निकाल कर ले गया। जिससे गांव में और भी पीने के पानी की आफत आ गई है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग जहां टैंकरों से पीने का पानी मंगा रहे हैं, जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वही गांव की महिलाएं दूर-दूर से पीने का पानी लाने के लिए भटक रही है। विभाग के अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने पर भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पूरी तरह से भ्रष्टाचार फैलाया गया है। ठेकेदार ने अधिकारियों के साथ मिलकर जल जीवन मिशन के तहत खर्च की गई लाखों रुपए की राशि में गबन किया है। जिससे आज तक भी इस योजना के तहत गांव में खर्च किए गए पैसे का ग्रामीणों को लाभ नहीं हुआ है और एक बूंद पानी भी नहीं मिला है। ग्रामीणों ने मेवात जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मांग करते हुए कहा कि इस गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन की जांच कर कर ग्रामीणों को पीने का पानी पहुंचाया जाए ,ताकि ग्रामीणों को इस योजना का लाभ मिल सके और भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। जिससे अन्य दूसरे गांवों में भी लोगों को हो रही समस्याओं से निजात मिल सके।

## क्या कहते हैं पंचायत समिति पिनगवां के वाइस चेयरमैन साहिब कलाम



पिनगवां पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन और खानपुर घाटी के निवासी साहिब कलाम का कहना है कि उनके गांव में नूरु कॉलोनी, यूनुस नंबरदार कॉलोनी, हाजी नवलु मोहल्ला ,उस्मान वाली गली, आजम मोहल्ला सहित कई मोहल्लों हैं जिनमें पानी की भारी परेशानी बनी हुई है। इतना ही नहीं लोगों को पानी की बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। विभाग के एसडीओ ,जेई सहित अन्य अधिकारियों को उन्होंने कई बार शिकायत की है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# आफताब अहमद ने गुड़गांव-फरीदाबाद व बल्लभगढ-सोहना मार्ग के चौड़ीकरण का उठाया मुद्दा, दोनों मार्गों पर टोल हटाने की रखी मांग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधायक व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को विधानसभा सत्र में फरीदाबाद से गुड़गांव मार्ग और बल्लभगढ से सोहना मार्ग के चौड़ीकरण व टोल हटाने का मामला उठाया। विधायक आफताब अहमद ने सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि फरीदाबाद व गुड़गांव बडे शहर हैं, इनके बीच फोर लेन रोड की लंबाई लगभग 24 किलोमीटर है और क्षमता 40000 वाहन प्रतिदिन है, जबकि मौजूदा समय में एक लाख से अधिक वाहन यहां से हर रोज गुजरते हैं और पीक समय में यहां आधे एक घंटे का जाम आम बात है। इसलिए इसे 6 लेन किया जाए और टोल को हटाया जाए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि लाखों लोग फरीदाबाद- गुड़गांव मार्ग पर रोजाना आते जाते हैं और जाम में फंस जाते हैं। कई बार तो आपातकालीन आवश्यक वाहन जैसे एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन भी फंस जाते है जिससे खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो जाती है।



वहीं विधायक आफताब अहमद ने बल्लभगढ सोहना मार्ग पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी कुल लंबाई 27 किलोमीटर है और चौड़ाई 10 मीटर, मात्र 8 किलोमीटर के बीच 2 टोल हैं जिससे जाम की समस्या आम है। यहां सड़क को फोर लेन किया जाय और टोल हटाए जाएं क्योंकि लंबी अवधि से ये यहां लगे हुए हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि नूनेहरा टोल पर आपातकालीन लाईन ना होने के कारण कभी भी अप्रिय हादसा होने की संभावनाएं बनी रहती हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दोनों सडकों पर टोल राशि अधिक है, इसे घटाया जाना चाहिए। मंत्री गंगवा ने कहा कि जाम जैसी कोई समस्या नहीं है इस पर कांग्रेस विधायक आफताब अहमद और मंत्री के बीच हलकी नौक झोंक भी हुई, आफताब अहमद ने इस पर विधानसभा की समीती बनाकर रिपोर्ट लेने को कहा। काफी समय की बहस के दौरान मंत्री ने विधायक को आश्वस्त किया कि टोल को समय अवधी पूरा होने पर हटाने पर विचार किया जाएगा और दोनों मार्गों का चौड़ीकरण किया जाएगा। खास बात ये रही की भाजपा के परिवहन मंत्री राव नरवीर ने विधायक आफताब अहमद की बात का समर्थन करते हुए कहा कि दोनों मार्गों पर लंबे जाम आम हैं और विधायक आफताब अहमद की बात ठीक है। दोनों सडकों का चौड़ीकरण समय की मांग है और टोल टैक्स भी हटाने पर विचार जरुरी हैं और सरकार में होने के नाते वो विधायक को इस बात का आश्वासन भी देते हैं। उन्होंने कहा कि 31 मई 2026 के पश्चात टोल हटाया जाएगा।

# अखिल भारतीय सर्वधर्म सर्व जातीय सहरावत खाप ने चेलावास के रणजीत सिंह को किया सम्मानित



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** अखिल भारतीय सर्वधर्म सर्व जातीय सहरावत खाप की ओर से हाल ही में रोहतक के भैंसरू खुर्द में आयोजित हुए चतुर्थ खाप सम्मेलन में चेलावास निवासी रणजीत सिंह को सम्मानित किया है। इस वार्षिक सम्मेलन में हरियाणा के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। कपिल व सतीश सहरावत ने बताया कि इस समारोह में खाप के शीर्ष पदाधिकारियों ने पंहुचकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। भैंसरू खुर्द में खाप चबूतरा बनाया जा रहा है। जिसके लिए रणजीत सिंह सहरावत ने एक लाख रूपये का सहयोग दिया है। इसके अलावा भी खाप प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग है। खाप की ओर से सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना, खिलाडियों तथा सर्विस में विशेष कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है। खाप के राष्ट्रीय संयोजक संदीप सेहरावत ने बताया कि सम्मेलन में खाप के प्रदेश अध्ययक्ष यशपाल सहरावत, सूरजभान सहरावत, सत्यवीर सिंह सहरावत, जगदीश सहरावत, दिलबाग सिंह, विनय सहरावत आजादपुर दिल्ली, राजेश सहरावत सहित प्रबुधजन उपस्थित थे।

# सेहलंग में आज व कनीना में 23 को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव सेहलंग में आज 19 मार्च बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। बलराम की पुण्यतिथि पर हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित इस शिविर का शुभारंभ प्रचायत समिति कनीना के चेयरमैन जेपी यादव व हरीश भारद्वाज करेगें। रक्तदाताओं को हैल्मेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। दूसरी ओर शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर आगामी 23 मार्च को कनीना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। सामाजिक संगठन जेएसविएस की ओर से डॉ भीमराव अम्बेडकर चैक पर आयोजित इस शिविर में रैडक्रॉस सोसायटी नारनौल एवं उपनागरिक अस्पताल कनीना में कार्यरत स्टाफ का योगदान रहेगा। संगठन के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि यह रक्तदान शिविर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की संवेदना को समर्पित होगा। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# खेडी तलवाना में 6 को आयोजित होगा माता का मेला

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित खेडी तलवाना में आगामी 6 अप्रैल को शीतला, माता मार्गुपर वाली के धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। बाबा भोलागिरी आश्रम के महंत श्यामगिरी ने बताया कि मेले में रात्री 10 बजे रागनी कंपीटीशन होगा। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार सतपाल भाटी, शिल्पा तिवारी, रचना तिवारी, पूजा शर्मा, संजू, देवेंद्र व रामखिलारी द्वारा श्रोताओं का मनोरंजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में सुबह सवा आठ बजे हवन होगा उसके बाद 10 बजे रागनी कंपीटीशन तथा सवा दस बजे भंडारा प्रारंभ होगा। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। उन्होनें बताया कि 21 हजार रूपये तक की कुशति प्रतियोगिता भी होगी। मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।


# ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## सीमा हैदर और सचिन के घर आया नया मेहमान

ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)। पाकिस्तानी भाभी के नाम से मशहूर सीमा हैदर पांचवी बार मां बन गई है। यह बच्चा सीमा और सचिम मीणा का है। हैदर ने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे बच्ची को दिया जन्म। करीब दो साल पहले चार बच्चों के साथ पाकिस्तान से दुबई और नेपाल के रास्ते सीमा भारत आई थी। हालांकि उसे अभी तक भारत की नागरिकता नहीं मिली है। दोनों की मुलाकात ऑनलाइन पबजी गेम खेलते हुई थी। इसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ीं और सीमा बच्चों सहित अपने प्रेमी सचिन के पास रहन के लिए आ गई।सीमा और सचिन ने पिछले साल दिसंबर के महीने में सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में सीमा के गर्भवती होनी की जानकारी दी गई थी। दोनों काफी खुश दिखाई दे रहे थे। वीडियो में हैदर प्रेग्नेंसी किट दिखाते हुए सचिन को पिता बनने की खुशखबरी दे रही थीं। जिसके बाद सचिन सीमा को गले लगा लेता है। तब सीमा ने बताया था कि वह सात महीने की गर्भवती है। जल्द ही उनके घर किलकारी गूंजने वाली है।

## शिरडी एयरपोर्ट परिसर में खुलेआम घूम रहे तेंदुए, भयभीत हैं यात्री और स्टाफ

शिरडी (एजेंसी)। महाराष्ट्र के शिरडी एयरपोर्ट इलाके में एक मादा तेंदुए ने दो शावकों को जन्म दिया है। इसके चलते एयरपोर्ट स्टाफ में दहशत का माहौल है। हालांकि वन विभाग ने एयरपोर्ट के अंदर पिंजरे लगा दिए हैं और तेंदुओं को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। इस बीच एयरपोर्ट परिसर में खुलेआम घूम रहे तेंदुए से यात्री और स्टाफ भयभीत हैं। खबर है कि शिरडी एयरपोर्ट इलाके में दो शावकों के साथ घूम रही मादा तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। वन विभाग ने कहा है कि ये वीडियो सही हैं। जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट क्षेत्र में चार पिंजरे लगाए गए हैं। बता दें कि वन विभाग ने कुछ महीने पहले एक नर तेंदुए को पकड़ने में सफलता पाई थी। कहा जा रहा है कि अब जल्द ही मादा तेंदुए और उसके दो शावकों को भी पकड़ लिया जाएगा। मालूम हो कि शिरडी एयरपोर्ट क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ और झाड़ियां होने के कारण इस क्षेत्र में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है। वन विभाग पिछले कुछ महीनों से मादा तेंदुए और उसके शावकों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। तेंदुए की आवाजाही के बाद एयरपोर्ट पर यात्रियों और स्थानीय निवासी की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक मादा तेंदुआ एयरपोर्ट परिसर के अंदर चली गई और उसने शावकों को जन्म दिया। तब तक प्रशासन क्या कर रहा था। एयरपोर्ट क्षेत्र में पेड़ों और झाड़ियों के कारण यह देखा जा रहा है कि इस क्षेत्र में तेंदुए खुलेआम घूम रहे हैं। तेंदुए एयरपोर्ट के अंदर घूम रहे हैं, इसलिए विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ में बाधा आ सकती है। साथ ही तेंदुआ एयरपोर्ट क्षेत्र में यात्रियों पर भी हमला कर सकते हैं।

## राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल अर्जी पर सुनवाई टली

वाराणसी (एजेंसी)। सिखों पर दिए गए बयान मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल निगरानी अर्जी पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। हालांकि राहुल गांधी के अधिवक्ता ने विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए)की अदालत में वकालतनामा दाखिल किया। अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 14 अप्रैल तय की है। तिलमापुर सारनाथ के नागेश्वर मिश्र ने अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की है। उनका आरोप था कि राहुल गांधी ने सितंबर 2024 में अमेरिका दौरे के दौरान बयान दिया था। राहुल ने कहा था कि सिखों के लिए भारत में अच्छा माहौल नहीं है। ऐसे बयान से देश में गृह युद्ध जैसे हालात हो सकते हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कर रहे हैं।

## 24 दलितों की सामूहिक हत्याकाण्ड मामले में 44 साल बाद तीन को फांसी की सजा

मैनपुरी (एजेंसी)। उप्र के फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 18 नवंबर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई। वहां उन्हें दाखिल किया गया। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के बीच लाकर पेश किया गया। इनकी पेशी के बाद 12.30 बजे करीब फिर से इनको दीवानी की अदालत में भेज दिया गया। लंच बाद कोर्ट से फिर इनकी पुकार हुई। दोपहर तीन बजे तीनों दोषियों को फिर से पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से रोहित शुक्ला ने तमाम दलीलें पेश करते हुए नरसंहार के साक्ष्यों और गवाही का हवाला देते हुए फांसी की मांग की। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर उस भयावह नरसंहार के दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को फांसी की सजा सुनाई। कप्तान सिंह, रामसेवक को दो-दो लाख और रामपाल को एक लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। यह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया।

## मोमोज बनाने वाली एक फैक्ट्री के फिज में कुत्ते का सिर मिला, पुलिस जांच में जुटी , पंजाब के मोहाली का मामला

मोहाली(एजेंसी)। पंजाब के मोहाली में नगर निगम की मेडिकल टीम ने चिकन की दुकानों पर छापेमारी कर करीब 60 किलो बदबूदार फोजन चिकन जब्त किया। साथ ही टीम ने चिकन को नष्ट कर दुकानों का चालान काटा है। दावा है कि इस दौरान मोमोज बनाने वाली एक फैक्ट्री के फिज में कुत्ते का सिर भी मिला है। मोहाली के सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. अमृत वारिंग ने कहा कि फैक्ट्री चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को सूचित कर दिया गया है। वितरण के लिए मोमोज और स्प्रिंग रोल बनाने वाली फैक्ट्री की जांच हो रही है, ताकि पता लग सके कि कुत्ते का मांस इस्तेमाल हुआ था या नहीं।

# नीतीश के बेटे निशांत की राजनीति में होगी एंट्री, जेडीयू नेता दे रहे ट्रेनिंग

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पहली बार सार्वजनिक रूप से 8 जनवरी को सामने आए थे। वे अपने पिता के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि देने अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा पहुंचे थे। मीडिया से वे पहली बार रुबरु हुए थे। वे जितना बोले, उससे यही लगा कि उन्हें जितना बोलने के लिए कहा गया था, उतना ही उन्होंने कहा। नपे-तुले शब्दों और पोलिटिकल अंदाज में उन्होंने पिता के कार्यों के लिए उन्हें वोट देने की अपील की। उसी दिन से यह बात चल पड़ी की निशांत राजनीति में एंट्री करने वाले हैं।



निशांत पिता नीतीश कुमार के साथ सीएम आवास पर लोगों से मिलते रहे। नीतीश की ही तरह वे जेडीयू नेताओं और सरकारी अधिकारियों से मिले। इतना ही नहीं, पार्टी के बड़े नेताओं को भी उनसे मिलना औपचारिकता से ज्यादा जरुरी लगा। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी ने तो निशांत को ऐसा भाव दिया, जैसे वे जेडीयू के सीनियर लीडर हों।

निशांत की 50 के आसपास है। निशांत मौजूदा सीएम के बेटे हैं और तेजस्वी पूर्व मुख्यमंत्री के। चिराग पासवान भी पिता की विरासत ही संभाल रहे हैं। 10 साल के राजनीतिक करियर में तेजस्वी डिप्टी सीएम दो बार बन गए तो चिराग पासवान केंद्रीय मंत्री बन गए। लगता है कि निशांत ने अब जिद छोड़ दी है। वे भी दूसरे नेता पुत्रों की तरह राजनीति में आना चाहते हैं। उम्र के हिसाब से निशांत की समझ तो बढ़ी ही होगी। फिर भी पहली बार राजनीति में जगह बनाने के लिए निशांत को राजनीतिक प्रशिक्षण की जरूरत होगी। उन्हें जेडीयू के कुछ नेता राजनीति की बारीकियां समझा रहे हैं।

अब लगता है कि नीतीश कुमार ने भी अपनी जिद छोड़ दी है। वे तो वंशवादी राजनीति के कट्टर विरोधी रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर को अपना आदर्श मानते हैं, जिन्होंने जीते जी परिवार के किसी व्यक्ति को राजनीति में आने से रोका। नीतीश कुमार दूसरे समाजवादियों की तरह ही इस बात के पक्षधर रहे हैं कि रानी की कोख से जन्मा व्यक्ति ही राजा नहीं बनेगा. लालू यादव की वंशवादी राजनीति पर नीतीश के तेवर हाल तक तल्ख रहे हैं. जब तक निशांत की एंट्री की औपतारिक घोषणा नहीं हो जाती, तब तक यही मान कर चलना होगा कि नीतीश कुमार की वंशवादी राजनीति पर धारणा बदली नहीं है।

नीतीश कुमार जानते हैं कि पिछली बार जैसी ही अगर जेडीयू की खराब स्थिति रही तब भी वे सब पर भारी पड़ेंगे। बीजेपी और जेडीयू को पिछली बार जितनी ही सीटें मिली तब भी नीतीश को खेल करने का मौका मिल जाएगा। आरजेडी और बीजेपी को सरकार बनाने के लिए जेडीयू पर ही निर्भरता रहेगी। यानी नीतीश किंगमेकर की भूमिका में रहेंगे। बीजेपी उन्हें आरजेडी की ओर मुखातिब होने नहीं देना चाहेगी। शायद यही वजह है कि बीजेपी द्वारा सीएम फेस घोषित न करने के बावजूद नीतीश को कोई बेचैनी नहीं है।

## रिपोर्ट में खुलासा : देश के 45 फीसदी विधायकों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

**-आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 138 तो सिक्किम में है सिर्फ एक**

नई दिल्ली, । चुनाव सुधार पर काम करने वाले एक एनजीओ की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश के 45 फीसदी विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विशेषण किया जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 (79फीसदी) विधायकों ने जबकि, सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक (3फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 (86फीसदी) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। 24 विधायकों के हलफनामे का एनालिसिस खराब स्कैनिंग की वजह से नहीं किया जा सका, जबकि विधानसभाओं में सात सीटें खाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं, 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर 376 और 376 (2)(एन) के तहत रेप का आरोप है। धारा 376 (2)(एन) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है।

## मणिपुर में हालात हो रहे सामान्य, 7,000 नए आवास मंजूर किए गए

**-केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में बताया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर में हालात अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। यहां हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है। हिंसा में बेघर हुए लोगों के लिए करीब 7,000 नए आवास मंजूर कर दिए गए हैं। राहत और पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक फंड दिया जा रहा है। राज्य में कानून व्यवस्था के लिए सेना व असम राइफल्स की तैनाती कर दी गई है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 286 कंपनियों को राज्य पुलिस के साथ मणिपुर में तैनात किया गया है। मंगलवार को यह जानकारी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में दी।

उन्होंने बताया कि मणिपुर में हालात सामान्य करने के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। नेशनल हाईवे पर सुरक्षित और सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जा रहा है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हेलीकॉप्टर सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि करीब 60 हजार लोग अभी भी रिलीफ कैंप में रहने को मजबूर हैं। वहीं करीब 7000 लोग अपने घरों को लौट चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के विशेष पैकेज के तहत 400 करोड़ रुपए रिलीफ कैंप ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत बेघर हो गए लोगों के लिए सात हजार घरों को मंजूरी दी गई है। मणिपुर वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट, रेलवे प्रोजेक्ट कंपनी, मेडिकल कॉलेज, ट्रिपल आईटी और सरकारी आवास योजनाएं उपलब्ध की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को नियंत्रित और बेहतर करने के लिए राज्य में लगातार काम हो रहा है। इसके साथ ही आर्थिक गतिविधियां शुरू करने पर ध्यान दिया जा रहा है। मणिपुर में रिलीफ के लिए सौ करोड़ रुपए की राशि दी जा चुकी है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि एनडीआरएफ और 68 करोड़ रुपए की राशि एसडीआरएफ के तहत रखी गई है। उन्होंने बताया कि मणिपुर राज्य के लिए 500 करोड़ का आपातकालीन फंड बनाया गया है। यह फंड राज्य के लिए है ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में इस धन राशि का उपयोग किया जा सके।

# सत्ता में बैठे लोगों के धन शोधन में शामिल होने से शासन पर जनता का विश्वास खत्म हुआ

### सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर जाताई नाराजगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग और इसमें सत्ता में बैठे लोगों के शामिल होने पर नाराजगी जताई है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए गए मामलों में गुजरात के पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदीप शर्मा की याचिका खारिज कर दिया गया और कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के धन शोधन में शामिल होने से शासन में जनता का विश्वास खत्म हुआ है और वित्तीय संस्थानों में प्रणालीगत कमजोरियां पैदा हुई हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने उस याचिका को भी खारिज कर दिया जिसमें प्रदीप शर्मा ने गुजरात पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के कई मामलों की शुरूआती जांच का अनुरोध किया था। मनी लॉन्ड्रिंग, एक ऐसी वित्तीय धोखाधड़ी है जिसमें अपराधी अपनी सम्पत्ति के अवैध स्रोत को छिपाते हैं। इस धोखाधड़ी का मकसद कालेधन को सरकार और कानूनी एजेंसियों की नजरों से छिपाना होता है ताकि इसे बिना किसी शक के इस्तेमाल किया जा सके।

मनी लॉन्ड्रिंग, दुनिया के ज्यादातर देशों में एक गंभीर अपराध है। भारत में, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों को सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम मामले में कहा कि धन शोधन के दूरगामी परिणाम होते हैं, न केवल भ्रष्टाचार के व्यक्तिगत कृत्यों के संदर्भ में, बल्कि इससे सरकारी खजाने को भी काफी नुकसान होता है।



युगल पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में कथित अपराधों का अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है, क्योंकि अवैध वित्तीय लेन-देन राज्य को वैध राजस्व से वंचित करते हैं, बाजार की अखंडता को प्रभावित करते हैं और आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा देते हैं। सत्ता में बैठे व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले ऐसे कृत्य शासन में जनता के विश्वास को खत्म करते हैं और वित्तीय संस्थानों के अंदर प्रणालीगत कमजोरियों को जन्म देते हैं।

## अमेरिकी एनएसए तुलसी गबार्ड ने कहा, ट्रंप और मोदी शांति के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली । अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरह शांति के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। भारत दौरे पर आईं तुलसी गबार्ड ने रायसीना डायलॉग 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ही तरह पीएम मोदी भी शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिकी एनएसए गबार्ड ने रायसीना डायलॉग 2025 में स्पष्ट किया कि 'अमेरिका फर्स्ट' का मतलब अमेरिका इकलौता नहीं है। उन्होंने बताया कि कैसे राष्ट्रपति ट्रंप के नजरिए को अक्सर गलत समझा जाता है। तुलसी गबार्ड ने कहा, यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि हमारे राष्ट्रपति अमेरिका फर्स्ट का आह्वान कर रहे हैं तब वे अलगाववादी हैं। यह आरोप एक गहरी गलतफहमी या गलत धारणा को दिखाता है कि दूसरे देशों के साथ जुड़ने का एकमात्र तरीका संघर्ष है। वे एक शांतिदूत और एकजुट करने वाले नेता के रूप में अपनी विरासत चाहते हैं। तुलसी गबार्ड ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प एक शांतिदूत और एकजुट करने वाले नेता के रूप में अपनी विरासत छोड़ना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य अपने नेतृत्व को सबसे अच्छी और समय पर खुफिया जानकारी प्रदान करना है। जब पीएम मोदी वाशिंगटन में थे, तब राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि साइबर सुरक्षा साधनों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास के लिए हमारे सुरक्षा हितों को मजबूत करने का एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के लिए पीएम मोदी का वॉशिंगटन का शुरुआती दौरा एक निजी दोस्ती थी।

# तेलंगाना में बिल पास: पिछड़ों को मिलेगा 42 फीसदी आरक्षण, भाजपा ने किया समर्थन

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में पहले जाति आधारित गणना की गई इसके बाद पिछड़ी जातियों को 42 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक भी पास कर दिया गया। विधेयक के मुताबिक पिछड़ी जातियों को ना केवल सरकारी नौकरियों बल्कि शिक्षण संस्थानों और शहरी और ग्रामीण निकाय के चुनावों में भी इतना आरक्षण मिलेगा। इस विधेयक का सत्ताधारी कांग्रेस के अलावा विपक्षी बीआरएस और बीजेपी ने भी समर्थन कर कर दिया है।



बीआरएस नेता हरीश राव ने कहा, हम पिछड़ों के लिए 42 फीसदी के आरक्षण का बिना शर्त समर्थन करते हैं। पार्टी के नेता गांगुला कमलाकर ने कहा, देश में पिछड़ी जातियों के साथ बहुत अन्याय हुआ है। हमारे हाथ में जो कुछ भी है हम इस आरक्षण के लिए करेंगे। बीजेपी की पायल शंकर ने कहा, कांग्रेस की वजह से ओबीसी आरक्षण में देरी हुई। हम बिल का समर्थन करते हैं लेकिन यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कास्ट सर्वे वैज्ञानिक तरीके से करवाया गया या नहीं। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जिस तरीके से आरक्षण लागू किया जा रहा है, वह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण मुस्लिमों के लिए नहीं है बल्कि मुस्लिमों में पिछड़ी जातियों के लिए है। कांग्रेस को धर्म के आधार पर देश को बांटना छोड़ देना चाहिए।

विधानसभा में इससे संबंधित तीन विधेयक पेश किए गए थे। एक में उपजातियों को भी आरक्षण देने के प्रावधान है। तेलंगाना की सरकर ने कास्ट सर्वे करवाया था जिसमें पता चला था कि 56.33 फीसदी पिछड़ी जातियां हैं। इसमें मुस्लिम समुदाय की भी जातियां शामिल थीं। बिल पेश करते हुए पिछड़ी जाति कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा, तेलंगाना विधासनभा से एक संदेश जाना चाहिए कि हम सब पिछड़ी जातियों के लिए 42 फीसदी रिजर्वेशन का समर्थन करते हैं। ये जातियां देश का आधार बन गई हैं।विधानसभा में सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि राहुल गांधी ने वादा किया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो 42 फीसदी रिजर्वेशन बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आरक्षण विधेयकों का सभी पार्टियां समर्थन दे रही हैं। यह देश को बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी इस ऐतिहासिक बिल का समर्थन कर रहे हैं, सभी धन्यवाद के पात्र हैं। सीएम ने कहा कि 42 फीसदी आरक्षण का वादा पूरा करने के लिए सारे प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने कहा, सभी पार्टियों के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके आरक्षण की सीमा बढ़ाने की अपील करनी चाहिए। इस आरक्षण को तभी लागू किया जा सकता है जब केंद्र सरकार संविधान की नौवीं सूची में इसे शामिल करेगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और बांदी संजय कुमार से भी अपील की कि वे प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय दिलवाएं। वहीं इस मामले को राहुल गांधी संसद में भी उठा सकते हैं।

## रेल मंत्री वैष्णव ने लालू और ममता की खोली पोल, तब हर दिन एक या दो रेल दुर्घटनाएं होती थीं

### 1 किलोमीटर यात्रा की लागत करीब 1.4 रुपये, ले रहे सिर्फ 73 पैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेल दुर्घटनाओं की हालिया घटनाओं के बाद विपक्ष की ओर से किए गए हमलों के बीच राज्यसभा में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहते हुए हर दिन एक या दो रेल दुर्घटनाएं होती थीं जबकि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण संख्या घटकर प्रति वर्ष केवल 30 दुर्घटनाओं तक रह गई है।



केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि जब राजद सुप्रीमो लालू यादव रेल मंत्री थे (2005-06) तब कुल 698 दुर्घटनाएं और पटरी से उतरने की घटनाएं हुई थीं। वहीं ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहने के दौरान 395 दुर्घटनाएं और पटरी से उतरने की घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा, पहले औसतन प्रतिदिन एक दुर्घटना होती थी लेकिन अब यह संख्या घटकर प्रति वर्ष सिर्फ 30 हो गई है। यदि हम 43 रेल दुर्घटनाओं को भी शामिल करें तब कुल दुर्घटनाएं 73 होती हैं यानी पहले जो आंकड़ा करीब 700 था वह अब 80 से भी कम हो गया है जोकि 90 प्रतिशत रेल हादसों की की कमी को दिखाता है।

वैष्णव ने बताया कि रेलवे ने कोविड महामारी के दौरान अपनी कार्यकुशलता को साबित किया है और अब यात्री और माल ढुलाई दोनों में वृद्धि देखी जा रही है।

उन्होंने राज्यसभा को संबोधित कर बताया कि एक किलोमीटर यात्रा की लागत करीब 1.4 रुपये है, लेकिन यात्रियों से सिर्फ 73 पैसे लेते हैं। इस साल भारतीय रेलवे ने 1,400 इंजनों का उत्पादन किया है जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से अधिक है। उन्होंने कहा कि जनरल कोचों की संख्या एसी कोचों की तुलना में 2.5 गुना बढ़ाई जा रही है। साथ ही मौजूदा उत्पादन योजना के तहत 17,000 नॉन-एसी कोचों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है और बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है।

# घर में मौजूद कुछ सामान्य चीजें भी बढ़ा सकती हैं कैंसर का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जानलेवा बीमारी कैंसर के लिए कई बाहरी और आंतरिक कारक जिम्मेदार होते हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि हमारे घर में मौजूद कुछ सामान्य चीजें भी कैंसर का खतरा बढ़ा सकती हैं। ये चीजें हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी हैं, लेकिन अगर आप स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं, तो इनसे दूरी बनाना ही बेहतर होगा। नॉन-स्टिक बर्तनों का इस्तेमाल अब आम हो चुका है, लेकिन रिसर्च में पाया गया है कि इन बर्तनों की कोटिंग में मौजूद परफ्लूरोऑक्टेनिक एसिड और अन्य टॉक्सिक पदार्थ कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसलिए स्टील या लोहे के बर्तनों का उपयोग करना ज्यादा सुरक्षित है। इसी तरह, प्लास्टिक की बोतलों में बिस्फेनॉल और फटालेट्स नामक कंपाउंड पाए जाते हैं, जो शरीर के अंदर जाकर गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

कई शोध बताते हैं कि प्लास्टिक के बारीक कण पानी के जरिए हमारे शरीर में चले जाते हैं, जिससे कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसलिए, प्लास्टिक की बोतलों के बजाय कांच या तांबे की बोतलों का इस्तेमाल करना बेहतर होगा। कई लोग रोटियां और अन्य खाने की चीजें रखने के लिए एल्युमिनियम फॉयल का उपयोग करते हैं, लेकिन इसमें मौजूद अधिक मात्रा में एल्युमिनियम लंबे समय तक शरीर में जमा होकर ब्रेस्ट कैंसर का कारण बन सकता है। इसी तरह, किचन में इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक कंटेनर भी कैंसर कारक हो सकते हैं, क्योंकि इनमें मौजूद बीपीए केमिकल खाद्य पदार्थों में मिलकर सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसकी जगह स्टील या सिलिकॉन के कंटेनर का उपयोग करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। रिफाइंड ऑयल का अधिक इस्तेमाल भी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

उच्च तापमान पर गर्म होने पर यह टूटकर हानिकारक केमिकल्स उत्पन्न करता है, जो कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। इसलिए सरसों, नारियल या जैतून के तेल का उपयोग करना सेहत के लिए अधिक फायदेमंद है। इसके अलावा, घरों में इस्तेमाल होने वाली सेंटेड कैंडल्स से निकलने वाले केमिकल्स, प्लास्टिक चॉपिंग बोर्ड से निकलने वाले जहरीले तत्व भी कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। इसलिए, इन चीजों से बचाव ही सुरक्षित और स्वस्थ जीवन का आधार है। बता दें कि विज्ञान ने आज भले ही कई बीमारियों का इलाज खोज लिया हो, लेकिन कैंसर के लिए अब तक कोई फुलप्रूफ इलाज विकसित नहीं हो सका है। यह बीमारी आज भी दुनिया भर में लाखों लोगों की जान ले रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### एक महीने से अधिक समय बाद वेटिकन ने पोप की पहली तस्वीर जारी की

**रोम, एजेंसी।** वेटिकन ने रविवार को एक महीने से ज़्यादा समय बाद पोप की पहली तस्वीर जारी की। फोटो में फ्रांसिस अस्पताल के चैपल में सामूहिक प्रार्थना करते हुए नज़र आ रहे हैं। तस्वीर पीछे से ली गई है। पोप फ्रांसिस बैंगनी रंग का स्टोल पहने हुए एक वेदी के सामने व्हीलचेयर पर बैठे दिख रहे हैं। वेटिकन ने कहा, वे अन्य पादरियों के साथ सामूहिक प्रार्थना समारोह में भाग लेने गए थे। फोटो में कोई और दिखाई नहीं दे रहा है। पोप की पहली तस्वीर है, जब उन्हें 14 फरवरी को ब्रोंकाइटिस की गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### चीन ने पाकिस्तान को सौंपी एक और पनडुब्बी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने पाकिस्तान को एक और अत्याधुनिक पनडुब्बी सौंपी है। इसमें उन्नत हथियार व सेंसर लगे हुए हैं। चीन पाकिस्तान की नौसैन्य ताकत बढ़ाकर अरब सागर व हिंद सागर में दबदबा बढ़ाना चाहता है। उसने हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी को वुहान शहर में लॉन्च किया। इसी श्रेणी की एक पनडुब्बी पहले ही वह पाकिस्तान को दे चुका है।

### सोनिक हथियार इस्तेमाल करने के आरोपों से सर्बियाई सरकार का इनकार

**बेलग्रेड , एजेंसी।** सर्बियाई अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर सैन्य स्तर के सोनिक हथियार के इस्तेमाल से इनकार किया है। दरअसल सर्बिया में शनिवार को राजधानी बेलग्रेड में लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारी जुटे, जो रेल हादसे को लेकर सर्बिया के राष्ट्रपति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। विपक्षी नेताओं और मानवाधिकार संगठनों ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने सैन्य स्तर के सोनिक हथियार का इस्तेमाल किया। इस हथियार के इस्तेमाल से लोगों की सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि वे इसकी शिकायत यूरोप की मानवाधिकार अदालत में करेंगे। हालांकि अब सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार किया है।

### यूरोपीय देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने में जुटे कनाडा के नए पीएम

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सोमवार को पेरिस और लंदन के दौरे पर रवाना हुए। कनाडा के प्रधानमंत्री का यह दौरा कनाडा के यूरोपीय देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने के उद्देश्य से हो रहा है। मार्क कॉर्नी का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तनाव चल रहा है। मार्क कार्नी ने शुक्रवार को अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कहा कि कनाडा का आधार तीन लोग हैं, जिनमें फ्रेंच, इंग्लिश और मूल निवासी शामिल हैं। कनाडा आधारभूत रूप से अमेरिका से अलग है और यह कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा। अब मार्क कार्नी के लंदन और पेरिस के दौरे को भी फ्रांस और ब्रिटेन के साथ संबंधों को मजबूत करने के तौर पर देखा जा रहा है।

### फिर भूकंप के झटकों से कांपी धरती, चीन और इथियोपिया में आए 4 से 6 तीव्रता के भूकंप

**बीजिंग, एजेंसी।** आज फिर भूकंप के झटकों से धरती कांप उठी। आज सुबह भारत के पड़ोसी देश चीन में भूकंप आया। इसके अलावा देर रात इथियोपिया में भी भूकंप आया और उसके बाद लगातार झटके आ रहे हैं, जिनकी तीव्रता भी रिक्टर पैमाने पर अलग-अलग है। चीन में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। इस भूकंप का केंद्र चीन के किंगहाई शहर के पास धरती के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में पाया गया। इथियोपिया में पहला भूकंप देर रात करीब 12-23 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गई। इसके बाद 4.3 और 5.1 तीव्रता के झटके भी आये। लोगों को लगातार भूकंप के झटकों से जूझना पड़ रहा है। हालांकि अभी तक दोनों देशों में भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दोनों देशों में भूकंप की पुष्टि की है।

### अमेरिका ने अल सल्वाडोर के साथ समझौता किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रम्प ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अल सल्वाडोर से समझौता किया था, जिसके तहत अमेरिका के हिंसक अपराधियों और अवैध अप्रवासियों को वहां की जेलों में रखा जाएगा। अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने यह प्रस्ताव रखा था, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया।

### सीरिया के तटीय शहर लताकिया में धमाका, 16 लोगों की मौत

**लताकिया, एजेंसी।** सीरिया के तटीय शहर लताकिया में हुए एक विस्फोट में 16 लोगों की मौत हो गई। देश की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक धमाके के बाद एक इमारत ढह गई, जिसमें 16 लोग मारे गए, जबकि 18 घायल हुए। व्हाइट हेल्मेट्स के नाम से मशहूर पैरामेडिक समूह ने बताया कि मलबे के नीचे से 16 शव बरामद किए गए मृतकों में पांच महिलाएं और पांच बच्चे शामिल थे।

## प्रशासन ने कोर्ट की रोक बावजूद लोगों को किया निर्वासित, अफसर बोले- जब फैसला आया उड़ानें हवा में थीं




**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रम्प प्रशासन ने अदालत की ओर से रोक लगाने के बावजूद सैकड़ों अप्रवासियों को अल साल्वाडोर भेज दिया। दूसरी ओर, एक संघीय न्यायाधीश ने वेनेजुएला के गिरोह के सदस्यों को लक्षित करने वाले 18वीं सदी के युद्धकालीन घोषणापत्र के तहत निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने रविवार बताया कि जिस वक्त फैसला आया उड़ानें हवा में थीं।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश जेम्स ई. बोसबर्ग ने शनिवार को एक आदेश जारी कर निर्वासन को अस्थायी रूप से रोक दिया, लेकिन वकीलों ने उन्हें बताया कि पहले से ही दो विमान अप्रवासियों को लेकर हवा में हैं - एक अल साल्वाडोर जा रहा है, दूसरा होंडुरास जा रहा है। बोसबर्ग ने मौखिक रूप से विमानों को वापस लौटने का आदेश दिया, लेकिन जाहिर तौर पर ऐसा नहीं किया गया और उन्होंने अपने लिखित आदेश में निर्देश शामिल नहीं किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने रविवार को एक बयान में इस बारे में अटकलों का जवाब दिया कि क्या प्रशासन अदालती आदेशों का उल्लंघन कर रहा है? उन्होंने कहा, प्रशासन ने अदालती आदेश का पालन करने से इनकार नहीं किया। यह आदेश, जिसका कोई वैधानिक आधार नहीं था, आतंकवादी टीडीए एलियंस को अमेरिकी क्षेत्र से पहले ही हटा दिए जाने के बाद जारी किया गया था। टीडीए एलियंस का पूरा नाम ट्रैन डे अरागुआ गिरोह है, जिसे ट्रम्प ने शनिवार को जारी अपने असामान्य उद्घोषणा में निशाना बनाया था। रविवार को अदालत में दायर एक दस्तावेज में न्याय विभाग, जिसने बोसबर्ग के निर्णय के विरुद्ध अपील की है, ने कहा कि यदि निर्णय को पलटा नहीं जाता है तो वह आगे निर्वासन के लिए ट्रम्प द्वारा की गई घोषणा का उपयोग नहीं करेंगे।

ओह...बहुत देर हो गई, सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले, जिन्होंने अपने देश की जेलों में 6 मिलियन की लागत से एक साल के लिए लगभग 300 अप्रवासियों को रखने पर सहमति व्यक्त की, ने बोसबर्ग के फैसले के बारे में सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा। उस पोस्ट को व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने फिर से प्रसारित किया।

विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जिन्होंने बुकेले के साथ अप्रवासियों को आवास देने के लिए पहले एक समझौता किया था, ने साइट पर पोस्ट किया, हमने ट्रेन डी अरागुआ के 250 से अधिक विदेशी दुश्मन सदस्यों को भेजा है, जिन्हें अल साल्वाडोर ने उचित मूल्य पर अपनी बहुत अच्छी जेलों में रखने पर सहमति व्यक्त की है, जिससे हमारे करदाताओं के पैसे भी बचेंगे। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर के प्रोफेसर स्टीव व्लाडेक ने कहा कि विमानों को वापस मोड़ने का बोसबर्ग का मौखिक निर्देश तकनीकी रूप से उनके अंतिम आदेश का हिस्सा नहीं था, लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने स्पष्ट रूप से इसकी भावना का उल्लंघन किया है। व्लाडेक ने कहा, इससे भविष्य की अदालतों को अपने आदेशों में अति विशिष्ट होने तथा सरकार को कोई छूट न देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। ट्रम्प द्वारा 1798 के विदेशी शत्रु अधिनियम की घोषणा के बाद आप्रवासियों को निर्वासित कर दिया गया था, जिसका उपयोग अमेरिकी इतिहास में केवल तीन बार किया गया है।

## प्रधानमंत्री ओली का राजशाही समर्थकों पर कटाक्ष-नेपाल के लोकतंत्र में 'रिवर्स गियर' नहीं



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने राजशाही समर्थक समूहों पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि लोकतंत्र एक 'राजमार्ग' की तरह है, जिसमें कोई 'रिवर्स गियर' नहीं होता, केवल कभी-कभार तीखे मोड़ के कारण क्षणिक रूप से गति धीमी करनी पड़ती है। उन्होंने इसके साथ ही आगे बढ़ने पर जोर दिया। पिछले हफ्ते पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के सैकड़ों समर्थकों ने राजधानी में उनके स्वागत में रैली निकाली थी। ज्ञानेंद्र (77) पिछले सप्ताह रविवार को जैसे ही देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दर्शन कर पोखरा से काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, समर्थकों ने उनके पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए। इस रैली का उद्देश्य नेपाल में राजशाही की पुनः स्थापना के प्रति समर्थन प्रदर्शित करना था। ओली ने रविवार को यहां महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए राजशाही समर्थक समूहों द्वारा हाल ही में किए गए विरोध प्रदर्शनों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, ''हमें हमेशा आगे बढ़ने की जरूरत है। पीछे मुड़ना नहीं चाहिए। रिवर्स गियर (वाहन को पीछे ले जाने में सक्षम) कभी-कभी तब लगाया जाता है जब सड़क पर तीखे मोड़ हों। राजमार्ग पर कोई 'बैक गियर' नहीं है और लोकतंत्र हमारा राजमार्ग है।'' पूर्व राजा के समर्थक गत कई दिनों से काठमांडू और पोखरा सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रैलियां निकाल रहे हैं और 2008 में समाप्त की गई राजशाही को पुनः बहाल करने की मांग कर रहे हैं। राजतंत्र समर्थक फरवरी में लोकतंत्र दिवस के बाद तब सक्रिय हुए जब ज्ञानेन्द्र ने कहा था, ''समय आ गया है कि हम देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता लाने की जिम्मेदारी लें।

## यूएनआरडब्ल्यूए बोला- फलस्तीनी बच्चों की पीढ़ी बर्बाद होने का खतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के आयुक्त जनरल ने आगाह किया है कि फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए फंड में कटौती पर चिंता जाहिर की है। आयुक्त जनरल फिलिप लाजारिनी ने चेतावनी दी है कि यूएन की इस एजेंसी के पतन से फलस्तीनी बच्चों की एक पूरी पीढ़ी शिक्षा से वंचित हो जाएगी। लाजारिनी ने कहा कि अगर गंभीर वित्तीय संकट जारी रहता है तो एजेंसी के पतन का खतरा सचमुच वास्तविक है। उन्होंने आगाह किया कि बच्चों की एक पीढ़ी बलि चढ़ जाएगी, वे उचित शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा, यूएनआरडब्ल्यूए गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक, लेबनान, जॉर्डन और सीरिया में फैले लगभग छह मिलियन फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए जीवन रेखा है। अब तक लगभग 2.60 लाख बच्चे एजेंसी के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम में दाखिला ले चुके हैं।

## 80 साल का इंतजार हुआ बेकार, पति से मिले बगैर विदा हुई 103 की हुझैन

**बीजिंग, एजेंसी।** 103 साल का जीवन जीने के बाद दुनिया से विदा हुई बुजुर्ग महिला की कहानी किसी को भी भावुक कर सकती है। उन्होंने 8 दशक से ज्यादा समय तक अपने बिछड़े पति का इंतजार किया, लेकिन सब बेकार रहा। आखिरी सांस लेते समय महिला ने यादगार के तौर पर तकिये का कवर अपने हाथों में रखा और दुनिया को अलविदा कह दिया। कहानी चीन की डू हुझैन की है। वह अब दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी कहानी सदियों तक लोगों को सुनाई जाएगी। उन्होंने दक्षिण पश्चिम चीन के गुइझू प्रांत में 8 मार्च को अंतिम सांस ली। हालांकि, उनकी मौत की वजह परिवार की तरफ से सार्वजनिक नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके परिवार ने बताया है कि हुझैन की शादी 1940 में हुई थी।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, निधन से पहले हुझैन ने तकिये का कवर अपने हाथों में रखा था। खास बात है कि यह कवर उन्होंने अपनी शादी के समय इस्तेमाल किया था। वह पति हुआंग जुन्फू से तीन साल बड़ी थीं। खबर है कि शादी के तुरंत बाद ही हुआंग कुओमिंतांग सेना में शामिल हो गए थे और जंग के लिए निकल पड़े थे।


अब साल 1943 में यानी 3 साल के बाद हुझैन ने जुन्फू को खोज निकाला और उनके ही साथ रहीं, लेकिन गर्भवती होने के बाद वह घर लौट आईं। इसके बाद जनवरी 1944 में उन्हें बेटा हुआ, जिसका नाम हुआंग फचांग रखा गया। हालांकि, जुन्फू इसके बाद भी घर लौटे थे, लेकिन कुछ ही समय में घर से दोबारा सेना के काम के लिए निकले और फिर कभी वापस नहीं आए। वह खत भेजते रहे, लेकिन यह सिलसिला भी 15 जनवरी 1952 में खत्म हो गया।



**कैसे काटे दिन :** रिपोर्ट के अनुसार, जिस पेपर का जुन्फू ने इस्तेमाल किया था, उससे संकेत मिल रहे थे कि वह मलेशिया में चीनी निर्माण कंपनी में काम कर रहे थे। वहीं, उनका इंतजार कर रहीं हुझैन दिन में खेत पर काम करतीं और शाम को सैंडल और कपड़ों की बुनाई कर घर चलाती थीं। परिवार ने जुन्फू को खोजने की कई कोशिशें की, लेकिन सब बेकार रहीं। अगर वह लौट आए तो उनका परिवार बताता है कि उन्होंने शादी के लिए भी इनकार कर दिया था। वह कहती थीं, अगर वह एक दिन लौट आए तो? उनका बेटा फचांग 70 के दशक में स्कूल में शिक्षक बन गए थे और 2022 में उन्होंने भी अंतिम सांस ली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, जुन्यी काउंटी के सरकारी विभाग के दस्तावेज बताते हैं कि जुन्फू 1950 में मलेशिया में रहने लगे थे।

## जेलेंस्की ने सशस्त्र बलों के नए स्टाफ प्रमुख को किया नियुक्त

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने लेफ्टिनेंट जनरल अनातोली बारहिलेविच की जगह मेजर जनरल एंड्री ह्नातोव को यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का प्रमुख नियुक्त किया है। राष्ट्रपति की वेबसाइट पर बारहिलेविच की बर्खास्तगी और ह्नातोव की नियुक्ति के कारणों को स्पष्ट नहीं किया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने फेसबुक पर लिखा कि सशस्त्र बलों में फेरबदल का उद्देश्य उनकी युद्ध कौशल को बढ़ाना है। उमेरोव ने एक फेसबुक पोस्ट में पदोन्नति की सराहना करते हुए कहा, हम यूक्रेन के सशस्त्र बलों को उनका युद्ध कौशल बढ़ाने के लिए व्यवस्थित रूप से बदल रहे हैं। उमेरोव ने उल्लेख किया कि ह्नातोव के पास 27 वर्षों से अधिक का सैन्य अनुभव है, उन्होंने पहले एक समुद्री ब्रिगेड, ऑपरेशनल कमांड ईस्ट के सैनिकों और यूक्रेनी सशस्त्र बलों के संयुक्त बलों की कमान संभाली है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बारहिलेविच को सैन्य मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित



करने और सशस्त्र बलों के भीतर अनुशासन को मजबूत करने के मिशन के साथ मंत्रालय का मुख्य निरीक्षक नियुक्त किया गया है। बारहिलेविच ने फरवरी 2024 में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख के रूप में कार्य करना शुरू किया। रूस के साथ युद्ध के तीन साल से अधिक समय बाद, यूक्रेन धीरे-धीरे कई मोर्चों पर पीछे हट रहा है, क्योंकि वहां जनशक्ति की कमी है। कीव सेना को आधुनिक बनाने की कोशिश कर रहा है, ताकि कमांड संस्कृति और संसाधन प्रबंधन जैसे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को हल किया जा सके। नाटो भागीदारों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूक्रेन वर्तमान में सामंजस्य में सुधार के प्रयास में ब्रिगेड के बजाय कोर सिस्टम को लागू करने की कोशिश कर रहा है। उमरोव ने उसी फेसबुक पोस्ट में लिखा परिवर्तन जारी है। सैन्य विश्लेषकों का अनुमान है कि वर्तमान में लगभग 880,000 लोग यूक्रेनी सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। युद्धकालीन चुनौतियों के बावजूद, देश ने सोवियत विरासत को त्यागने और अपनी सेना को अधिक कुशल बनाने के लिए परिवर्तन लागू किए हैं, युद्ध के अनुभव वाले युवा कमांडरों को नियुक्त किया है और नवाचारों का समर्थन किया है। पिछले साल यूक्रेन ने एक समर्पित मानव रहित प्रणाली बल की शुरुआत की थी। इस वर्ष की शुरुआत में, यूक्रेनी सैन्य अधिकारियों ने कहा था कि देश अपनी ब्रिगेड आधारित प्रणाली से हटकर बड़ी इकाइयों की कोर प्रणाली की ओर बढ़ेगा, जिसका उद्देश्य 1,000 किलोमीटर से अधिक सीमावर्ती क्षेत्र में फैले अपने बलों के बीच समन्वय में सुधार करना और निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाना है।

## यूक्रेन में सीजफायर पर अब तक नहीं बनी बात, पुतिन को मनाने के लिए खुद फोन मिलाएंगे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन और रूस के बीच सीजफायर कराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-जान लगाकर जुटे हुए हैं। इस सप्ताह इस दिशा में बड़ी कामयाबी मिलने की संभावना भी जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन मिला सकते हैं। वाइट हाउस के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रविवार को कहा है कि अमेरिका यूक्रेन के साथ भी लगातार संपर्क में है। इससे पहले अमेरिका ने पिछले सप्ताह दोनों देशों के सामने सीजफायर समझौते को लेकर 30 दिनों का एक प्रस्ताव रखा था। जहां यूक्रेन ने युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, वहीं पुतिन ने अभी इस पर सहमति नहीं जताई है।

विटकॉफ ने रविवार को सीएनएन के स्टेट ऑफ द यूनियन में इस मामले पर बातचीत करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि इस सप्ताह दोनों राष्ट्रपतियों की फोन कॉल पर बातचीत होगी। हम यूक्रेनियों के साथ भी बातचीत जारी रख रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि पुतिन ने संभावित फोन कॉल से पहले विटकॉफ से ट्रंप को संदेश देने के लिए कहा था। पिछले सप्ताह विटकॉफ ने मॉस्को में पुतिन से मुलाकात भी की थी।

**पुतिन ट्रंप से मुलाकात के लिए तैयार :** विटकॉफ ने पुतिन के साथ अपनी बातचीत को सकारात्मक बताया। विटकॉफ ने बताया, यह एक



समाधान-आधारित चर्चा थी। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि उनका मानना ??है कि पुतिन राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात के लिए तैयार हैं और दोनों नेता जंग को खत्म करना चाहते हैं। विटकॉफ ने दोहराया कि डोनाल्ड ट्रंप उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले सप्ताह में किसी तरह का समझौता हो जाएगा।

**क्या चाहता है रूस :** बता दें कि सीजफायर डील के तहत यूक्रेन यह आश्वासन मांग रहा है कि भविष्य में रूसी हमले की स्थिति में अमेरिका और अन्य सहयोगी इसकी रक्षा करेंगे, लेकिन वाइट हाउस इसके लिए प्रतिबद्धता जताने से हिचक रहा है। वहीं दूसरी तरफ रूस ने कहा है कि वह किसी भी स्थिति में अस्थायी युद्धविराम नहीं चाहता है।

## नासा के ऑफिस में कॉक्रोचों का आतंक, टॉइलट पेपर भी नहीं; डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से परेशान कर्मचारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका में अगर सबसे ज्यादा परेशान हैं तो वे हैं सरकारी कर्मचारी। एक तरफ छंटनी दूसरी तरफ कटौती करने के लिए एक से एक तरीके अपनाने ने सरकारी और अनुबंधित कर्मचारियों की परेशानी बहुत बढ़ गई है। डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी एलन मस्क ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का काम संभालने के बाद तहलका ही मचा दिया है। अमेरिका की सरकार ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम छोड़कर ऑफिस आने का फरमान सुना दिया। 2020 में कोविड-19 के बाद से ही लाखों कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर रहे थे। वहीं जब लोग ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि वहां टॉइलट पेपर तक नहीं है। ऑफिस में कॉक्रोचों ने कब्जा कर लिया है और बैठने के लिए डेस्क तक मौजूद नहीं है। यह हाल आम कार्यालयों का नहीं बल्कि नासा जैसी स्पेस एजेंसी के ऑफिस का भी है। सरकारी कर्मचारियों को नए तरीके से काम में लगाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क ने कई बदलाव किए हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो कम से कम 1 लाख सरकारी कर्मचारियों ने अपनी इच्छा से ही नौकरी छोड़ दी है। इसके बदल में उन्होंने मुआवजा ले लिया है। वहीं पड़े पैमाने पर छंटनी की तलवार अब भी लटक रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने वॉइस ऑफ अमेरिका में भी बड़े पैमाने पर छंटनी कर दी है और कई चैनल बंद कर दिए हैं। एलन मस्क का कहना है कि विदेश में अमेरिका के खर्च पर प्रसारण करके केवल लोगों के टैक्स की बर्बादी की जा रही है। इसलिए एडिटर्स को भी छुट्टी पर भेज दिया गया और कई चैनलों पर समाचारी की जगह सिर्फ संगीत ने ले ली है।

**नासा के ऑफिस में बुरा हाल :** पिछले साल अगस्त में बजट के मुताबिक लगभग 2 लाख से ज्यादा कर्मचारी घर से काम कर रहे थे। वहीं यह काम 11 लाख लोगों से लिया जा सकता है। पिछले महीने वॉशिंगटन स्थित नासा के हेडक्वार्टर में भी कर्मचारी अपने काम पर लौटे तो




उनका सामना कॉक्रोच से हुआ। खटमल, कॉक्रोच और अन्य कीड़े ऑफिस पर कब्जा कर चुके थे। वहीं कर्मचारियों के लिए पर्याप्त कुर्सियां और डेस्क तक मौजूद नहीं थीं। टॉइलेट पेपर खत्म हो गए थे।

नासा के करीब 8 हजार कर्मचारियों को ऑफिस बुलाया गया है। उनका कहना है कि बिना कंप्यूटर और डेस्क के काम करना संभव ही नहीं है। मैरीलैंड के नासा ऑफिस के कर्मचारी भी ट्रैफिक से परेशान हो गए। वहीं यूएस सिटिजनशिप ऐंड इमिग्रेशन सर्विस के ऑफिस के कर्मचारी भी अपनी डेस्क ही ढूंढते रह गए। कई कर्मचारियों को संदूकों पर बैठकर काम करना पड़ा। कई कर्मचारियों का कहना है कि ऑफिस लौटना चिड़ियाघर जाने जैसा हो गया है जहां टॉइलेट में टिशू तक मौजूद नहीं है।

# विदेश दौरे पर परिवार के साथ ही रहना चाहेंगे सभी क्रिकेटर : विराट

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि विदेश दौरे के लिए परिवार को साथ रखने की अनुमति मिलनी चाहिये। विराट ने कहा कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले बैठने की जगह मैदान पर तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए परिवार का साथ चाहेंगे। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद विदेशी दौरे मे परिवार को साथ रखने पर रोक लगा दी थी। साथ ही कहा था कि केवल 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ी परिवार के साथ रह सकते हैं। वह भी 14 दिन तक ही।

नये नियम में खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे पर वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने स्वयं उठाया। कोहली ने कहा, 'लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। साथ ही कहा कि हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना अहम होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसका महत्व पता है। कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी से उबरने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है।

उन्होंने कहा, 'इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता। कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस के खिलाड़ी ने कह, 'मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, 'ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'और अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो वे 'हां ही कहेंगे।



# कपिल देव ने विदेश दौरे पर परिवार ना ले जाने वाले बीसीसीआई के फैसले पर रखी राय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव विदेश दौरे पर क्रिकेटरों के अपने परिवार साथ में रखने के पक्ष में है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मामले में संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं।

दिशानिर्देशों के अनुसार इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। विश्व कप 1983 के विजेता कप्तान ने 'कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन इनविटेशनल' कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'ठीक है, मुझे नहीं पता, यह व्यक्तिगत है। मुझे लगता है कि यह क्रिकेट बोर्ड का फैसला है। मेरे विचार में आपको परिवार की जरूरत है लेकिन आपको हर समय टीम के साथ रहने की भी जरूरत है।'

हाल में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों के परिवार भी दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं ठहरे थे। परिवार का खर्चा बीसीसीआई ने नहीं बल्कि स्वयं खिलाड़ियों ने उठाया था।

कपिल ने कहा, 'हमारे जमाने में क्रिकेट बोर्ड नहीं बल्कि हम खुद ही तय करते थे कि दौरे का पहला चरण क्रिकेट को समर्पित होना चाहिए जबकि दूसरे चरण में परिवार के साथ रहने का आनंद लेना चाहिए। इसमें संतुलन होना चाहिए।' इससे पहले रविवार को कोहली ने विदेश दौरे में परिवार को साथ रखने का समर्थन किया था।

# वरुण का क्रिकेट करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा

**सुपौल (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित करने वाले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अपने करियर में कई बदलावों से गुजरे हैं। वरुण शुरु से क्रिकेटर बनना चाहते थे पर उनका लक्ष्य स्पिनर नहीं बल्कि तेज गेंदबाज बनना था पर उन्हें अवसर नहीं मिल पाया। ऐसे में टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर प्रवेश का उन्होंने प्रयास किया और कई 40 ट्रायल दिए पर असफल रहे। ऐसे में निराश होकर उन्होंनें क्रिकेट को छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान देना शुरु कर दिया और अंत में आर्किटेक्कर बनने में सफल रहे। इसके बाद इस क्षेत्र में नौकरी शुरु कर दी।

आर्किटेक्ट की नौकरी के दौरान वह शौकिया तौर पर कंपनी की ओर खेलने लगी। इसके बाद काम में उनका मन नहीं लगा और उन्होंने एक बार फिर क्रिकेटर बनने की ठानी। उनका ध्यान तेज गेंदबाज बनने पर था जिसके लिए उन्होंन कए बार फिर प्रयास किया पर अभ्यास के दौरान घायल हो गये। इसके बाद सभी विकल्प आजमाने के बाद उनका ध्यान स्पिन गेंदबाजी की ओर गया। वह यूट्यूब से ही अनिल कुंबले और एडम जैम्पा की गेंदबाजी देख अभ्यास करने लगे।

उनकी मेहनत रंग लायी। साल 2017 में वरुण ने तमिलनाडु के जुबली क्रिकेट वनडे टूर्नामेंट में 7 मैच में 31 विकेट लिए जिसकी बदौलत उन्हें तमिलनाडु प्रीमियर लीग में मौका मिला। 28 की उम्र में वरुण को आईपीएल में अवसर मिला। उन्हें 2019 में पंजाब ने 8.4 करोड़ रुपए में खरीदा। फिर वे कोलकाता नाइट राइडर से जुड़े और उन्हें अपनी गेंदबाजी से मिस्ट्री स्पिनर कहा जाने लगा। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें भारतीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। श्रीलंका के खिलाफ 25 जुलाई 2021 को आर.प्रेमदासा स्टेडियम में उन्होंने टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया। वहीं साल 2021 में यूएई में हुए टी-20 विश्वकप में वरुण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने की वजह से उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इससे वह निराश हो गये पर उन्होंने मेहनत नहीं छोड़ी और अभ्यास करते रहे। उनकी मेहनत सफल रही। गत वर्ष आईपीएल में 21 विकेट लेकर इस गेंदबाज ने कोलकाता की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस सीजन के लिए कोलकाता ने उन्हें 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। चैम्पियंस ट्रॉफी में तीन मैच में 9 विकेट लेकर वे टूर्नामेंट के दूसरे सफल गेंदबाज और भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। इस साल भारत-इंग्लैंड के बीच हुई

# वरुण का क्रिकेट करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित करने वाले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अपने करियर में कई बदलावों से गुजरे हैं। वरुण शुरु से क्रिकेटर बनना चाहते थे पर उनका लक्ष्य स्पिनर नहीं बल्कि तेज गेंदबाज बनना था पर उन्हें अवसर नहीं मिल पाया। ऐसे में टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर प्रवेश का उन्होंने प्रयास किया और कई 40 ट्रायल दिए पर असफल रहे। ऐसे में निराश होकर उन्होंनें क्रिकेट को छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान देना शुरु कर दिया और अंत में आर्किटेक्कर बनने में सफल रहे। इसके बाद इस क्षेत्र में नौकरी शुरु कर दी।

आर्किटेक्ट की नौकरी के दौरान वह



शौकिया तौर पर कंपनी की ओर खेलने लगी। इसके बाद काम में उनका मन नहीं लगा और उन्होंने एक बार फिर क्रिकेटर बनने की ठानी। उनका ध्यान तेज गेंदबाज बनने पर था जिसके लिए उन्होंन कए बार फिर प्रयास किया पर अभ्यास के दौरान घायल हो गये। इसके बाद सभी विकल्प आजमाने के बाद उनका ध्यान स्पिन गेंदबाजी की ओर गया। वह यूट्यूब से ही अनिल कुंबले और एडम जैम्पा की गेंदबाजी देख अभ्यास करने लगे।

उनकी मेहनत रंग लायी। साल 2017 में वरुण ने तमिलनाडु के जुबली क्रिकेट वनडे टूर्नामेंट में 7 मैच में 31 विकेट लिए जिसकी बदौलत उन्हें तमिलनाडु प्रीमियर लीग में मौका मिला। 28 की उम्र में वरुण को आईपीएल में अवसर मिला। उन्हें 2019 में पंजाब ने 8.4 करोड़ रुपए में खरीदा। फिर वे कोलकाता नाइट राइडर से जुड़े और उन्हें अपनी गेंदबाजी से मिस्ट्री स्पिनर कहा जाने लगा। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें भारतीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। श्रीलंका के खिलाफ 25 जुलाई 2021 को आर.प्रेमदासा स्टेडियम में उन्होंने टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया। वहीं साल 2021 में यूएई में हुए टी-20 विश्वकप में वरुण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने की वजह से उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इससे वह निराश हो गये पर उन्होंने मेहनत नहीं छोड़ी और अभ्यास करते रहे। उनकी मेहनत सफल रही। गत वर्ष आईपीएल में 21 विकेट लेकर इस गेंदबाज ने कोलकाता की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस सीजन के लिए कोलकाता ने उन्हें 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। चैम्पियंस ट्रॉफी में तीन मैच में 9 विकेट लेकर वे टूर्नामेंट के दूसरे सफल गेंदबाज और भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। इस साल भारत-इंग्लैंड के बीच हुई टी-20 सीरीज के 5 मैचों में भी वह 14 विकेट लेकर वे मैन ऑफ द सीरीज भी बने थे।

# आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की उपकप्तानी करते नजर आयेंगे डू प्लेसिस

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के उपकप्तान के तौर पर उतरेंगे। कैपिटल्स ने एक वीडियो पोस्ट करके उन्हें उपकप्तान बनाये जाने की जानकारी सार्वजनिक की है। फाफ इस वीडिया में



कहते नजर आ रहे हैं कि वक कैपिटल्स में आकर बेहद खुश हैं। इससे पहले फाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में थे। इस क्रिकेटर ने अब तक 404 टी20 मैच खेले हैं और 40 साल की उम्र में भी दुनिया भर की लीग में अपने प्रदर्शन के कारण टिके हुए हैं। उन्होंने 383 पारियों में छह शतकों और 78 अर्द्धशतकों की मदद से 32.66 की औसत से 11,236 रन बनाए हैं। फाफ के पास आईपीएल का काफी अनुभव है जिसमें दुबई के साथ तीन सत्र की की कप्तानी का अनुभव भी शामिल है, जिसमें टीम दो सीजन में प्लेऑफ तक पहुंची। इससे कैपिल्सक को लाभ होगा। फाफ ने 145 आईपीएल मैचों में 35.99 की औसत और 136 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 4,571 रन बनाए हैं जिसमें 37 अर्द्धशतक और 96 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्हें पिछले सत्र की नीलामी के दौरान डीसी ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। इस सत्र में अक्षर पटेल टीम के कप्तान बनाये गये हैं। डीसी अपना अभियान 24 मार्च को विजाग में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

## भारतीय मुक्केबाजों के लिए खुशखबरी, ओलंपिक में फिर से शामिल होगा बॉक्सिंग



नई दिल्ली। साल 2028 लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों से मुक्केबाजों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में मुक्केबाजी को शामिल किया जाएगा क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार से शुरू हो रहे 144वें सत्र से पहले इसे मंजूरी दे दी। आईओसी ने पिछले महीने वर्ल्ड मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता दे दी थी जिससे अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ को दरकिनार करके नयी नियामक ईकाई को अधिकार सौंपे। वहीं आईओसी के 18 से 21 मार्च तक चलने वाले सत्र में थॉमस बाक की जगह नए अध्य्क्ष का भी चुनाव किया जाएगा। इसके साथ ही लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी को शामिल करने के कार्यकारी बोर्ड के फैसले को मंजूरी भी मिलेगी। बाक ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा कि, फरवरी में वर्ल्ड मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता मिलने के बाद हम ये फैसला लेने की स्थिति में थे। सत्र में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा और मुझे यकीन है कि इसे मंजूरी मिल जाएगी। इसके बाद दुनिया भर के मुक्केबाज लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेल सकेंगे अगर उनके राष्ट्रीय महासंघ को वर्ल्ड मुक्केबाजी से मान्यात मिली हुई है। वहीं आईओसी के देखरेख में टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 की मुक्केबाजी इवेंट में हुई थी। लंबे समय से चले आ रहे संचालन संबंधी मसलों और मुकाबलों की निष्पक्षता पर सवाल उठने के बाद 2023 में आईबीए की मान्यता रद्द कर दी गई थी।

# शार्दुल को अवसर दे सकती है लखनऊ सुपर जायंट्स




मुम्बई । टीम इंडिया से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को इस बार आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में किसी ने भी नहीं खरीदा था। शार्दुल अभी जून में शुरू होने रहे इंग्लैंड के दौरे की तैयारी कर रहे हैं। हाल में घरेलू क्रिकेट में शार्दुल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। ऐसे में इसके आधार पर उन्हें एक टीम आईपीएल में अब भी अवसर दे सकती है। वह टीम है लखनऊ सुपर जायंट्स। उसके कई खिलाड़ी अभी चोटिल हैं। ऐसे में इस तेज गेंदबाजी ऑलराउंड र को जगह मिलने की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस क्रिकेटर को चेन्नई सपुर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स से खेलने आ अनुभव है जिसका लाभ लखनऊ उठाना चाहेगी। माना जा रहा है कि इसी कारण शार्दुल रविवार को अभ्यास के दौरान सुपर जायंट्स की किट पहने दिखे हालांकि अभी तक फ्रेंचाइजी ने अधिकारिक तौर पर उन्हें शामिल करने की कोई घोषणा नहीं की है।

# भारतीय धाविका अर्चना जाधव डोप परीक्षण में फेल, चार साल का प्रतिबंध लगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया।

विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है। प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी।



15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे। उन्होंने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, 'मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी। एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है।

इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई। हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी। जाधव का 10,000 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35¬44.26 और हाफ मैराथन में 1¬20¬21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10¬28.82 है।

## आइपीएल उद्घाटन समारोह में श्रेया घोषाल, अभिनेत्री दिशा पटानी सहित कई सितारें कार्यक्रम पेश करेंगे

कोलकाता । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के उद्घाटन सत्र में इस बार बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल, अभिनेत्री दिशा पटानी और पंजाबी पॉप सिंगर करण औजला कार्यक्रम पेश करेंगे। इनके अलावा वरुण धवन और श्रद्धा कपूर भी इसमें शामिल हो सकते हैं। वहं पिछले सत्र में अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, गायक सोनू निगम और एआर रहमान ने आईपीएल में कार्यक्रम पेश किया था। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने कहा कि आईपीएल उद्घाटन समारोह के लिए 25 मिनट का समय तय किया गया है, जिससे मैच की मनोरंजक शुरुआत हो सके। उन्होंने कलाकारों के बारे में विस्तृत जानकारी अभी नहीं दी गई है पर कहा कि यह एक भव्य आयोजन होगा। गांगुली ने कहा कि हम उद्घाटन समारोह का आयोजन करेंगे, हालांकि हमें अभी तक नहीं पता कि कौन-कौन प्रस्तुति देंगे। अभी तक लिखित पुष्टि नहीं हुई है पर निश्चित रूप से यह भव्य समारोह होगा। कुल मिलाकर कोलकाता के लोगों के लिए यह आईपीएल का एक खूबसूरत उद्घाटन समारोह होगा। आईपीएल 22 मार्च से शुरू होकर 25 मई को समाप्त होगा, जिसमें 13 शहरों में 74 मैच होंगे।

# सबालेंका को हराकर मीरा एंड्रीवा ने जीता इंडियन वेल्स का खिताब



कैलिफोर्निया । रूस की महिला वर्ग की टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। आज यहां फाइनल में मुकाबले में एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स दुनिया की नवंबर वन और तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 2-6 6-4 6-3 से हराया। यह एंड्रीवा का लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 स्तर के टूर्नामेंट का खिताब है। एंड्रीवा 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की चैंपियन खिलाड़ी बन गई हैं। मैच के बाद ट्रॉफी उठाते हुए एंड्रीवा ने कहा कि मैं अंत तक लड़ने के लिए, हमेशा विश्वास रखने के लिए और कभी हार न मानने के लिए खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी। मैंने आज खरगोश की तरह दौड़ने का प्रयास किया बस बने रहना वाकई मुश्किल था, इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने भी इसमें अपनी भूमिका निभाई है।

# मेरे बारे में धारणायें बनाई गई, टाइपकास्ट किया गया लेकिन मुझे अपनी ताकत पता थी : श्रेयस

नई दिल्ली । उन्हें तथाकथित तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना पड़ा, उन्हें टाइपकास्ट किया गया और विश्व कप नायक बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया लेकिन श्रेयस अय्यर इन सबके बावजूद अडिग रहे और अपनी ईमानदारी और सुलझे हुए दिमाग पर भरोसा करके आगे बढ़े। इसका फल भी उन्हें मीठा ही मिला। पिछले कुछ समय में वह चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने और कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिन पहले चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली



खिताबी जीत के बाद उन्हें 'मौन नायक' करार दिया। शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर पूछे जाने पर श्रेयस ने इंटरव्यू में कहा, 'शायद ऐसी धारणा बनाई गई थी या मुझे टाइपकास्ट किया गया। लेकिन मुझे हमेशा से अपनी ताकत, क्षमता पता थी और खुद पर भरोसा था।' पिछले 8 वनडे में उन्होंने चौथे नंबर पर 53 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'खेल बदलता रहता है लिहाजा खिलाड़ी को लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार करना होता है। मुझे खुशी है कि मैं सकारात्मक सोच के साथ खेल सका और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखा।' पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान उनकी कमर में चोट लगी और फिर उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा चूंकि उस समय वह अपनी तत्कालीन आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलना था।

# टीम का माहौल ऐसा हो, सभी अपनी बात रख सकें : ऋषभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की कप्तानी करने जा रहे ऋषभ पंत ने कहा कि वह टीम में ऐसा माहौल बनाएंगे जिससे सभी खिलाड़ी अपनी बात रख सकें। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ ने कहा कि किसी को भी ऐसा नहीं लगना चाहिये कि वह अपनी राय को व्यक्त नहीं कर सकता। उनका प्रयास एक खुला माहौल बनाना है। नये कप्तान ने कहा हम ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है। इसे कहना आसान है पर अमल में लाना नहीं, क्योंकि इसके लिए हर व्यक्ति को बहुत प्रयास करना पड़ता है।


इस आक्रामक बल्लेबाज ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह काम केवल प्रबंधन ही नहीं कर सकता है। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की वजह से ही हम ऐसा माहौल बना पाते हैं क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने हमेशा यही महसूस किया है कि अगर आप अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और उन्हें पर्याप्त भरोसा देते हैं, तो वे आपको किसी भी स्तर पर आगे बढ़ा सकते हैं। मुझे लगता है कि हमारे इस समूह और प्रबंधन के पास अच्छा खास अनुभव है।

एलएसजी दो बार एलिमिनेटर में बाहर होने से पहले आईपीएल 2022 और 2023 सत्र के प्लेऑफ में पहुंची थी। आईपीएल 2024 में, एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। उन्होंने निकोलस पूरन, एडेन मार्करम और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से टीम के नए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करने को भी कहा है।

कप्तान ने कहाकेवल अपने अनुभव को युवा खिलाड़ियों के साथ साझा करते रहें और उस अनुभव को इस समूह को हासिल करने दें। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो हम सभी सीनियर खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं, और बस एक दिन में एक बार इसे आगे बढ़ाएं, बस अपना 100 फीसद दें, टीम के हित को ध्यान में रखते हुए काम करे। उसमें ये सोचने की जरुरत नहीं कि हमारी टीम आपका समर्थन करेगी या नहीं। साथ ही कहा, मुझे लगता है कि हम प्रत्येक व्यक्ति पर भरोसा करते हैं कि वे सर्वश्रेष्ठ लोग हैं। इसलिए हम सभी यहां एक साथ हैं। हमें एक दूसरे का साथ देना चाहिये जिससे जब हम यहां से वापस जाएं, तो मुझे लगता है कि हमें एक बेहतर खिलाड़ी ओर इंसान के रुप में याद किया जाये।



दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ को मेगा नीलामी में एलएसजी आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ रकम देकर 27 करोड़ में खरीदा था। अब टीम आईपीएल 2025 सीजन का अपना पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी।



# बॉक्स ऑफिस पर नहीं होगी वॉर 2-कुली के बीच टक्कर, ऋतिक की फिल्म को रास्ता देंगे रजनीकांत?

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित रजनीकांत की आगामी एक्शन फिल्म कुली इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए अभिनय और निर्देशक की जोड़ी पहली बार साथ काम कर रही है और फैंस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, हाल ही में आई खबरों में बताया गया कि इस फिल्म की रिलीज ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अभिनीत वॉर 2 से बॉक्स ऑफिस पर टकरा सकती है।

### बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेंगी फिल्में?

दोनों फिल्मों की रिलीज को लेकर सामने आ रहीं खबरों से संकेत मिलता है कि दोनों बड़े बैनर की फिल्में एक ही स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत रिलीज पर नजर गड़ाए हुए हैं। अगर टकराव होता तो इससे दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर काफी असर पड़ सकता था। हालांकि, अब फिल्मों को लेकर ताजा खबर है कि रिलीज की तारीखों के टकराव को टाल दिया गया है।

### कब-कब रिलीज होंगी दोनों फिल्में

कई चर्चाओं के बाद दोनों फिल्मों के निर्माता फिल्मों को अलग-अलग सप्ताहांत पर रिलीज करने के लिए सहमत हो गए हैं। आंध्र बॉक्स ऑफिस डॉट कॉम के अनुसार, अगर वॉर 2 अगस्त 2025 में स्वतंत्रता दिवस के सप्ताहांत पर रिलीज होती है तो कुली उस दिन रिलीज नहीं होगी। रिलीज शेड्यूल पर आगे की बातचीत अभी भी जारी है।

### फिल्म के कलाकार

इस बीच दावा किया गया है कि रजनीकांत की कुली के निर्माता पूरे भारत में फिल्म की सफल रिलीज के लिए वितरकों की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल ही में फिल्म की टीम ने निर्देशक लोकेश कनगराज का जन्मदिन सेट पर मनाया। इस जश्न की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी , सत्यराज, श्रुति हासन, उपेंद्र, शौबिन शाहिर और अन्य सहित कई कलाकार हैं।



# पूजा हेगड़े ने पहली बार तमिल फिल्म के लिए की डबिंग, रेट्रो में डबल धमाका करेंगी अभिनेत्री

पूजा हेगड़े कभी तेलुगु सिनेमा में सबसे ज्यादा पैसे पाने वाली अभिनेत्री थीं और उन्होंने कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया था। हालांकि, जब से उन्होंने महेश बाबू की गुंटूर कारम छोड़ी है, तब से उन्हें टॉलीवुड में कोई नया प्रस्ताव नहीं मिला है, लेकिन तमिल सिनेमा में ऐसा नहीं है, जहां उन्हें लगातार बड़ी फिल्में मिल रही हैं। अब अभिनेत्री से जुड़ी नई खबर सामने आई है।

### फिल्म की शूटिंग जल्द पूरी होगी


पूजा की अगली बड़ी फिल्म रेट्रो है, जिसमें सुपरस्टार सूर्या मुख्य भूमिका में हैं और कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित है। यह सूर्या के साथ पूजा हेगड़े की पहली फिल्म है और नेटफ्लिक्स ने एक्शन ड्रामा के ओटीटी अधिकार हासिल कर लिए हैं। कुछ महीने पहले रिलीज हुए टीज़र में पूजा को पारंपरिक अवतार में दिखाया गया था और सूर्या के साथ उनकी केमिस्ट्री को काफी सराहा गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, रेट्रो में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी शूटिंग पूरी होने वाली है।

### खुद डबिंग कर रही हैं पूजा

अभिनेत्री को लेकर ताजा अपडेट है कि पूजा हेगड़े ने पहली बार तमिल में रेट्रो में खुद के लिए डबिंग की है। इससे पहले उनकी आवाज को दूसरों द्वारा डब किया गया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में पूजा हेगड़े ने इस बात पर हैरानी जताई कि कार्तिक सुब्बाराज ने उन्हें लीड रोल के लिए अप्रोच किया। उन्होंने बताया, जब कार्तिक सर ने मुझे रेट्रो का ऑफर दिया तो मैं चौंक गई। यह रोल मेरी आम इमेज से बिल्कुल अलग है और मुझे इस रोल के लिए चुने जाने पर बहुत गर्व महसूस हुआ। मुझे पता था कि मुझे इसके लिए अपना सब कुछ देना होगा।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

ज्योतिका और सूर्या द्वारा अपने होम बैनर तले निर्मित रेट्रो 1 मई, 2025 को स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। फिल्म को लेकर निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने खुलासा किया कि सूर्या आखिरी आउटपुट से बहुत खुश थे और पूजा हेगड़े का प्रदर्शन भी उन्हें काफी पसंद आया। वहीं, अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो पूजा हेगड़े कुली में एक विशेष भूमिका निभाएंगी और कंचना 4 और जन नायकन में मुख्य भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा उन्होंने है जवानी तो इश्क होना है नाम की एक बॉलीवुड प्रोजेक्ट भी साइन किया है।



# 'खूबसूरत' सी कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते हैं विवेक रंजन

'द कश्मीर फाइल्स', 'वैक्सीन वॉर' हो या अपकमिंग 'द दिल्ली फाइल्स', निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री अक्सर गंभीर विषयों पर आधारित फिल्मों का निर्माण करते आए हैं। हालांकि, उन्होंने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में अपने दिल की बात कही। उन्होंने कॉमेडी फिल्म बनाने की इच्छा जाहिर की। कहा कि वह एक ऐसी कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते हैं, जो साफ-सुथरी और फूहड़ता से दूर हो। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने बताया कि वह गंभीर विषयों पर फिल्म बनाते रहे हैं लेकिन उन्हें कॉमेडी फिल्में देखना बहुत पसंद है और वह ऐसी फिल्म बनाने की भी इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा, मैं गंभीर फिल्में बनाता हूं। गंभीर इसलिए क्योंकि वे राजनीतिक पृष्ठभूमि की होती हैं लेकिन मैं खुद बहुत ज्यादा कॉमेडी, ड्रामा और थ्रिलर देखता हूं। मुझे कॉमेडी फिल्में पसंद हैं। दरअसल, यह मेरी जिंदगी का एक मिशन था कि मैं भारत की डेमोक्रेसी के तीनों स्तंभ सत्य, न्याय और जिंदगी पर एक फिल्म बनाऊं। 'ताशकंद फाइल्स' - सत्य, 'द कश्मीर फाइल्स' - न्याय पर थी और अब दो भाग में 'द दिल्ली फाइल्स- बंगाल चैप्टर' आ रही है, जिसका संबंध जिंदगी से है और अब यह पूरा भी हो चुका है। अग्निहोत्री ने बताया कि गंभीर विषयों पर फिल्में बनाने के बाद अब वह साफ-सुथरी कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते हैं, जिसमें अश्लीलता या फूहड़ता न हो। उन्होंने कहा, आप पुराने समय की फिल्मों को ले लीजिए, मैं वैसी फिल्में बनाना चाहता हूं, मैं 'पड़ोसन', 'चलती का नाम गाड़ी', 'अंगूर' और ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म 'खूबसूरत' जैसी फिल्म बनाने की मंशा रखता हूं। द दिल्ली फाइल्स बनाने का विचार कैसे आया? इस सवाल पर उन्होंने कहा, पूरी दुनिया में हम ही एक ऐसी कम्युनिटी हैं, जो गुलामी की जंजीर में रहे और हमें प्रताड़ित किया गया। हमें हमेशा से सिखाया गया कि अपने गुस्से को कंट्रोल करना चाहिए, उसे प्रकट करने से बचना चाहिए और पूरी दुनिया यही सिखाने में लगी हुई है कि मानवता क्या है? लेकिन आज की पीढ़ी को बंगाल या डायरेक्ट एक्शन डे की सच्चाई से अवगत कराना जरूरी है। फिल्म में बंगाल की आज की स्थिति को भी दिखाया गया है। ये फिल्म सार्थक जरूर होगी क्योंकि देखकर लोगों के मन में ये जरूर आएगा कि बंगाल अलग नहीं, ये हमारे देश का ही एक हिस्सा है। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने फिल्मों को लेकर दर्शकों की पसंद पर भी बात की। उन्होंने कहा, दर्शक के पास आज के समय में चॉइस कम है। हम जो फिल्में उन्हें देते हैं, वो उसी में से चयन करते हैं, फिर वो अच्छी हो या खराब। मुझे लगता है कि भारतीय कहानियों या आम लोगों से संबंधित विषय को आप जब अच्छे कलाकारों के साथ बनाएंगे तो वह चलेंगी ही। आप जब अजीब सी कहानियों को केवल बॉलीवुड कलाकारों के बच्चों के साथ ही बनाएंगे तो वह कहानी कैसे चलेगी? आम दर्शकों को अब ऐसी कहानियों का लोभ ही नहीं रह गया है।

# तमन्ना भाटिया ने बताया, क्यों खास है फिल्म 'ओडेला 2'

बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और आध्यात्मिक पहलू के साथ बनाई जा रही है। एक्ट्रेस ने यह भी कहा है कि यह फिल्म आज के समाज में आने वाली समस्याओं पर केंद्रित होगी। ओडेला 2 के बारे में बात करते हुए तमन्ना ने बताया, यह एक फैंटेसी मूवी है और इसे थिएटर में देखना अनुभव शानदार है। इसमें सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और थोड़ा सा आध्यात्मिक पहलू भी है। इन सभी चीजों ने मुझे बहुत आकर्षित किया। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें ऐसी फिल्में पसंद हैं क्योंकि वे लार्जर दैन लाइफ होती हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस तरह का सिनेमा पसंद है, क्योंकि बचपन में मुझे ऐसी फिल्में पसंद थीं, जो लार्जर दैन लाइफ होती हैं और आपको एक अलग दुनिया में ले जाती हैं। मुझे पता चला कि फिल्म का टीजर पहली बार काशी में लॉन्च किया गया था।

उन्होंने आगे बताया कि फिल्म आज के समय की समस्याओं पर केंद्रित है। एक्ट्रेस ने कहा, यह आज हमारे लिए कुछ हद तक प्रासंगिक है, यह उन मुद्दों और समस्याओं से संबंधित है, जिनका हम आज एक समाज के रूप में सामना करते हैं। यह अंत में आपको बहुत बड़ा और सशक्त संदेश देती है। तमन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि फिल्मों को ऐसा ही करना चाहिए। उन्हें आपको उम्मीद देनी चाहिए, क्योंकि यही कारण है कि मैंने एक्ट्रेस बनने का निर्णय लिया। मैं एक्ट्रेस इसलिए बनी, क्योंकि इसने मुझे आशावादी बनाया। यह फिल्म भी लोगों को यही एहसास दिलाएगी।

बता दें कि ओडेला 2 अशोक तेजा द्वारा निर्देशित एक थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में तमन्ना भाटिया, हेबाह पटेल, वशिष्ठ एन. सिम्हा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही नागा महेश, वामसी, गगन विहारी, सुरेंदर रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी भी अहम किरदारों में हैं।



# वेंकट प्रभु की पैन इंडिया फिल्म में काम करेंगे अक्षय कुमार?

अक्षय कुमार हाल ही में स्काई फोर्स में नजर आए थे, जिसे प्रशंसकों और आलोचकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली थी। इस बीच अभिनेता को लेकर नई खबर सामने आई है कि एक नई पैन इंडिया फिल्म उनके हाथ लगी है। खबर है कि अक्षय अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक वेंकट प्रभु के साथ सहयोग करने पर विचार कर रहे हैं। वेंकट प्रभु ने इससे पहले विजय के साथ द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम में काम किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, वेंकट ने हाल ही में अभिनेता को एक स्क्रिप्ट सुनाई और कहा जाता है कि वह कहानी से खुश हैं। अगर सब कुछ सही रहा और फिल्म पर बात बन गई तो जल्द ही इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।





# ब्रह्मास्त्र 2 पर रणबीर ने दिया अपडेट

**अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन- शिवा ने 2022 में बॉक्स ऑफिस पर 257.44 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म के आखिर में इसके सीक्वल ब्रह्मास्त्र- पार्ट टू - देव की घोषणा की गई थी, लेकिन इसके बाद कोई खास अपडेट नहीं आया।**

हाल ही में आलिया की बर्थडे पार्टी में रणबीर ने मीडिया से बातचीत के दौरान ब्रह्मास्त्र 2 को लेकर बड़ा खुलासा किया।

रणबीर ने कहा, ब्रह्मास्त्र 2 डायरेक्टर अयान मुखर्जी का लंबे समय से सपना रहा है। पूरी कहानी उनके दिमाग में तैयार है। अभी वह वॉर 2 में व्यस्त हैं। जैसे ही यह फिल्म रिलीज होगी, वह ब्रह्मास्त्र 2 की तैयारी शुरू करेंगे। उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म जरूर बनेगी। हमने अभी तक इस फिल्म को लेकर ज्यादा कुछ नहीं कहा है, लेकिन जल्द ही इसके बारे में मजेदार घोषणाएं की जाएंगी।

### संजय लीला भंसाली की भी जमकर तारीफ की

रणबीर ने अपनी दूसरी फिल्म लव एंड वॉर के बारे में भी बात की। यह संजय लीला भंसाली के साथ उनकी दूसरी फिल्म होगी। उनकी पहली फिल्म सांवरिया थी, जो 17 साल पहले रिलीज हुई थी। भंसाली के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए रणबीर ने कहा, उनके साथ काम करना खास है। मैंने ऐसा मेहनती इंसान नहीं देखा। वह किरदार, भावनाएं, संगीत और भारतीय संस्कृति को बखूबी समझते हैं। उनके सेट पर काम थकाने वाला और लंबा होता है, लेकिन एक कलाकार के तौर यह संतुष्टि देता है। वह कला को निखारते हैं।

### इन फिल्मों में दिखेंगे रणबीर

लव एंड वॉर में रणबीर के साथ विक्की कौशल भी लीड रोल में होंगे। यह फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा रणबीर के पास रामायण और एनिमल 2 जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं। वहीं, आलिया भट्ट जल्द ही अल्फा में नजर आएंगी, जो इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी।

# एक्टर आदर्श गौरव ने किया सामंथा रुथ प्रभु का शुक्रिया

फिल्म खो गए हम कहां में नजर आए एक्टर आदर्श गौरव साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह एक हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म का नाम अभी तक सामने नहीं आया है। अब एक इंटरव्यू में आदर्श ने सामंथा रुथ प्रभु का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से तेलुगु फिल्मों में काम करना चाहते थे, लेकिन समझ नहीं पा रहे थे कि कैसे शुरुआत करें। ऐसे में सामंथा ने उन्हें रास्ता दिखाया। आदर्श गौरव ने कहा, तेलुगु मेरी मातृभाषा है। मैं हमेशा से साउथ इंडस्ट्री में काम करना चाहता था, लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि शुरुआत कैसे करूं। मुझे कोई सही रास्ता नहीं मिल रहा था। लेकिन जब मैं वेब सीरीज सिटाडेल की आफ्टर पार्टी में गया, तब मुझे वहां सामंथा रुथ प्रभु मिलीं। मैं उनसे कहा कि मुझे तेलुगु फिल्मों में काम करना है। लेकिन समझ नहीं आ रहा कि कैसे शुरू करूं?

आदर्श ने आगे कहा, उन्होंने मुझसे कहा था, तुम वहां जाकर कुछ मीटिंग्स क्यों नहीं करते? मैं तुम्हारी मदद करूंगी। इसके बाद उनके बिजनेस पार्टनर और मैनेजर ने मुझे बहुत सारे लोगों से मिलवाया और फिर मुझे साउथ की मूवी मिली। आदर्श की मानें तो उनकी फिल्म एक मल्टी-जॉनर स्क्रिप्ट है। उनका कहना है कि यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्म है, लेकिन इसके साथ ही यह एक डार्क कॉमेडी भी है।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# ताऊडू में मार्किंग सेंटर बनाए जाने के लिए सलाह संगठन ने लिया बोर्ड चेयरमैन का धन्यवाद

## बोर्ड चेयरमैन और सचिव से गत दिनों मीटिंग में उठी थी मांग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** तावडू में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षणों की मार्किंग के लिए मार्किंग सेंटर स्थापित किए जाने पर सलाह संगठन की ओर से बोर्ड चेयरमैन पवन शर्मा का आभार व्यक्त किया है। सलाह संगठन के जिला संयोजक रमन रोहिल्ला ने कहा कि मार्किंग सेंटर की स्थापना से शिक्षकों को बड़ी सुविधा मिलेगी, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न होगी।

खंड प्रधान फिरोजपुर झिरका नाजिम आजाद ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे क्षेत्र के शिक्षकों के लिए एक राहत भरा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर पुर्सतिकाओं के मूल्यांकन में तेजी आएगी और छात्रों को निष्पक्ष और समय पर परिणाम प्राप्त होंगे। इससे पहले मार्किंग के लिए सभी प्राध्यापकों को नूंह आना जाना पड़ता था। मार्किंग सेंटर स्थापित होने के साथ ही, स्थानीय शिक्षकों को अपने ही क्षेत्र में मूल्यांकन कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके लिए कार्य आसान होगा और समय की भी बचत होगी।

सलाह संगठन की मेवात इकाई ने बोर्ड चेयरमैन पवन शर्मा के साथ साथ सलाह संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह निर्णय शिक्षकों और विभाग दोनों के हित में है और इससे क्षेत्र की शिक्षा प्रणाली को मजबूती मिलेगी। संगठन के पदाधिकारी पूर्व प्रधान जोगिंद्र सोनी, दीपक धारीवाल, सोनिया यादव, पिंकी यादव, प्रदीप संधू, मनीष कुमार, विजेंद्र, संदीप ग्रोवर, संदीप रोहिल्ला, अनित कुमार ने भी बोर्ड चेयरमैन और सचिव का आभार व्यक्त किया है।



# नूंह के गांव करनावट के पास पुलिस व गोतस्करों में भिड़ंत

## तीनों के पैर में लगी पुलिस की गोली, तीन गोतस्कर हुए फरार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला के गांव करनावट में गोतस्करी कर रहे तस्करों की मंगलवार अलसुबह पुलिस के साथ भिड़ंत हो गई। इस दौरान तीन तस्करों के पांव में पुलिस की गोली लगी, जिन्हें मौके से पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि तीन गोतस्कर मौके से फरार हो गए। उनकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार एक गुप्त मिली थी कि आडवाणी गैंग के करीब आधा दर्जन सदस्य गोवंश की तस्करी के लिए जा रहे हैं। पुलिस ने इस सूचना पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए तैयारी की। गोतस्कर एक टाटा गाड़ी में गोवंश को तस्करी के लिए गुरनावट रेलवे लाइन के साथ कच्चे रास्ते से राजस्थान लेकर जा रहे थे। नाकेबंदी करके पुलिस ने उनके आने का इंतजार किया। जैसे ही वे पुलिस नाके के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रुकवाने का प्रयास किए। गोतस्करों ने भागते हुए पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी बचाव में उन पर गोलियां चलाई।

पुलिस की गोलियों से वारिस पुत्र वहीद खडख़ड़ी, रफीक पुत्र फजरू खोड़ बसई,रमजान पुत्र मजीद भूतलाका घायल हो गए। तीन तस्कर आडवाणी पुत्र जुम्मा खरकड़ी, अरमान पुत्र भागमल खडख़ड़ी और शब्बीर पुत्र बूचा खडख़ड़ी गाड़ी को छोडक़र फरार हो गए। घायल गोतस्करों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। तावडू सीआईए प्रभारी महेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस फरार हुए आरोपियों की तलाश भी कर रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में प्रदर्शन कर जिला उपयुक्त को सौंपा ज्ञापन

## 23 मार्च को एनएचएम के 12000 कर्मचारी कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर 18/03/2025 समस्त भारतवर्ष के सभी राज्यों के जिला मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया गया जिसमें जिला फरीदाबाद से भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा में जोरदार प्रदर्शन किया यह प्रोग्राम भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष श्री नीरज मावी जी की अध्यक्षता में आज उपायुक्त महोदय कार्यालय पर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक कुमार जी विशिष्ट वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ फरीदाबाद द्वारा इस विशाल प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया तथा सैकड़ो कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान धर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि आज जिला उपयुक्त को एनएचएम का मांग पत्र भी सोपा गया तथा मांगे पूरी न होने पर 23 तारीख को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास के घेराव का भी ज्ञापन दिया गया। धर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2018 में ही एनएचएम कर्मचारियों को बायलॉज दिए थे और 2023 में इन बायलॉज को फ्रीज कर दिया गया है। कर्मचारियों द्वारा बायलॉज वापस लिए जाने के विरोध में घेराव किया जाएगा 23 मार्च को एनएचएम के 12000 कर्मचारी कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। कर्मचारियों द्वारा बाय लॉस वापस लिए जाने के विरोध में घेराव किया जाएगा। एनएचएम कर्मचारियों का सेवंथ पे भी 2021 से पास हुआ है पर अभी तक कर्मचारियों को नहीं दिया गया है कर्मचारियों को अभी तक किसी भी प्रकार के जॉब सिक्योरिटी नहीं दी गई है जिससे कर्मचारियों में रोस है इसके विरोध स्वरूप यह मुख्यमंत्री आवास के घेराव का प्रदर्शन किया जाएगा।

# वीआरसीसी इलेवन ने सुनर्स क्लब को 4 विकेट से हराया




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 25वां रविंदर फागना सिल्वर जुबली कैश प्राइज मिक्स कॉरपोरेट कप टूर्नामेंट 202425, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच सुनर्स क्लब ओर वी.आर.सी.सी इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में वी.आर.सी.सी इलेवन ने सुनर्स क्लब को 4 विकेट से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और वी.आर.सी.सी इलेवन ने पहले टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सुनर्स क्लब टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 108 रन का लक्ष्य दिया। सुनर्स क्लब की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्मेहा शर्मा ने 36 गेंदों में 3 चौके की मदद से 28 रन, नीरज नेगी और विवेक यादव ने 1212 रन बनाए। वी.आर.सी.सी इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमनप्रीत सिंह, सिद्धार्थ शर्मा ओर वैभव चौधरी ने 22 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम वी.आर.सी.सी इलेवन ने 14.5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाकर जीत हासिल की। वी.आर.सी.सी इलेवन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अक्षित कपूर ने 22 गेंदों पर 4 चौके की मदद से 28 रन, कार्तिक अरोड़ा ने 22 गेंदों में 3 छक्के की मदद से 26 रन बनाए। सुनर्स क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए संतोष ने 4 ओवर में 23 रन देकर 4 विकेट, कर्मेहा शर्मा ने 1 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच वैभव चौधरी को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच संतोष को घोषित किया गया।

# मतदाता सूची संशोधन पर विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श बैठक संपन्न



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने में चुनाव आयोग की महती भूमिका है। यह बात सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आज चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर राजनीतिक प्रतिनिधियों से चर्चा के समय कही। उन्होंने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान नाम जोडना, मतदाता सूची से नाम हटाना, मतदाता सूची से संबंधित सुझाव, बी.एल.ओ से संबंधित मुद्दे एवं अन्य उपयुक्त विषयों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल कर मतदाता सूची का संशोधन कार्य किया जा रहा है।

इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर और ऑनलाइन पोर्टल का इस्तेमाल कर त्वरित माध्यम से गलतियों पर सुधार का काम किया जाता है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील कर कहा कि वह भी इस प्रक्रिया में प्रशासन का साथ दें। इससे त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में मदद मिलेगी। साथ ही निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया जारी रखी जा सकेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों को अपने अपने क्षेत्रों में 18-19 आयु वर्ग के युवाओं को मतदाता सूची में जोडने, छूटे हुए निर्वाचकों का नाम जोडने. एवं मृत मतदाताओं का नाम हटाने के लिए अपने स्तर से प्रचार-प्रसार एवं सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची संशोधन को लेकर सुझाव मांगे जिस पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची में मृतक मतदाताओं की संख्या, नए मतदाताओं को जोडना, मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के अलावा सभी मतदाताओं के वोटर कार्ड का आधार कार्ड से लिंक कराने के लिए कहा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपील कर कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि एक परिवार के सभी वोट मतदाता सूची में एक ही पृष्ठ और एक ही मतदान केंद्र पर सुनिश्चित हो। साथ ही मतदान केंद्र की दूरी दो किलोमीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्थानांतरित और दोहरे मतदाताओं के नाम भी सूची से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पुराने मतदाताओं के नाम के साथ फोन नंबर और ईमेल आईडी भी वोटर लिस्ट में जोड़ी जानी चाहिए। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदाता सूची में संशोधन निर्वाचन आयोग के नियमानुसार समय समय पर करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि किशोरों को भी स्कूल और कॉलेजों में जाकर मतदाता कार्ड बनवाने के लिए जागरुक किया जाता है। इससे युवा भी चुनावी प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाते हैं।

# 35 लाख बकाया होने पर निगम ने सील की दस यूनिटें



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** नगर निगम द्वारा एनआईटी जॉन दो में मंगलवार लगभग दस संपततियों को सील किया गया है। इनमें ऊपर लगभग 35 लाख रुपए का टैक्स बकाया था। सीलिंग कार्यवाही के दौरान एक चलती ही वर्कशॉप ओर रेस्टोरेंट भी शामिल है। नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है निगम का करोड़ों रुपए का टैक्स अभी बकाया है जिसे वसूल करने के लिए सीलिंग की कार्यवाही शुरू की गई है। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के आदेशों पर एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल के मार्गदर्शन में जोनल कर अधिकारी सुमन रत्रा की टीम ने सुबह से ही स्पेशल ड्राइव चलाकर सीलिंग की कार्यवाही शुरू की जिसमें बडख़ल एरिया में लगभग 10 प्रॉपर्टी को सील किया। उन्होंने बताया कि सील की गई यूनिटों पर 50 हजार से लेकर 23 लाख तक का टैक्स बकाया है जो प्रॉपर्टी मालिकों ने नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं कराया इसलिए निगम द्वारा यह सीलिंग कार्यवाही की गई है जो आगे भी जारी रहेगी। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल ने फरीदाबाद निगम क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि अपने शहर के विकास और उसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स समय से जमा कराएं ताकि शहवासियों को उनकी मूलभूत सुविधाएं और शहर के विकास का कार्य निरन्तर चलता रहे।

# निगम की तरफ से आमजन को ब्रांड एम्बेसडर दे रहे स्वच्छता सर्वेक्षण का संदेश




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जारी स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के अपने विशेष क्षेत्रों में असाधारण उपलबधियों को हासिल करने वाले निगम द्वारा बनाये गए ब्रांड एंबेसडर फरीदाबाद वासियों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है । जारी स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छता और उसके प्रति शहरवासियो को जागरूक करने के लिए उद्योगपति और पर्यावरणविद श्रीमती सरला गर्ग जिन्होंने अपने स्वम के घर को पिछले करीब 22 साल से कूड़ा रहित बना रखा है वो सोशल प्लेटफार्म और लोगो से जुडक़र स्वच्छता का संदेश दे रही हैं। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय गोल्डमेडिलिस्ट शूटर अनमोल जैन ने भी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने शहर को स्वच्छ बनायेंगे तभी हम धरती माँ को बचा पाएंगे। इसके अतिरिक्त ब्रांड एंबेसडर बाड़ी बिल्डर लोकेश राजपूत के साथा साथ वॉलीवुड सिंगर दिल्ली रत्न से सम्मानित अलीशा अरोड़ा ने भी लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक का आदेश देकर अपील की है कि सभी पर्यावरण और अपने शहर को स्वच्छ रखने की दिशा में नगर निगम का सहयोग करें ।

नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल ने बताया कि सभी ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम के साथ मिलकर फरीदाबाद शहरवासियो को जागरूक कर रहे हैं और लोगों में काफ़ी जागरूकता देखने में आ रही है । निगम के सफाई कर्मचारी भी स्वच्छता सर्वेक्षण में निष्ठा के साथ कार्य कर रहें हैं और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य से शहर में सफाई व्यस्त को दिन प्रतिदिन दुरुस्त किया जा रहा है ।

# सरसों की खरीद शुरू, पंजीकृत किसानों की ही फसल खरीदी जाएगी



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ अनाज मंडी में सरसों की फसल की खरीद मंगलवार से शुरू हो चुकी है। इस बार मंडी में पांच हजार 950 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है। मार्किट कमेटी का कहना है कि जिन किसानों का मेरी फल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हो चुका है, उनकी सारी फसल को खरीदा जाएगा। बल्लभगढ़ अनाज मंडी मार्किट कमेटी के सचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि, सरसों की खरीद को वैसे तो 15 मार्च से ही शुरू कर दिया गया था। लेकिन बीच में मौसम खराब होने के चलते किसान फसल को मंडी में नही ला पाए थे। आज से किसान की फसल मंडी में आनी शुरू हो गई है। मंडी में सरसों लेकर आने वाले किसानों के लिए गेट पास की सुविधा मंडी के गेट पर ही की गई है। इसके साथ किसान को किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसके लिए मार्किट कमेटी के कर्मचारी की तैनाती गेट पर की गई है। किसानों की समस्या को हल करने के लिए गेट पर ही केन्द्र भी बनाया गया है।

मंडी सचिव ने बताया कि बारिश से बचाव के लिए उचित प्रबन्ध किए गए है। मार्किट कमेटी ने तिरपाल की व्यवस्था की है और आढ़तियों के पास भी तिरपाल की व्यवस्था है। अनाज मंडी में किसान की फसल को बारिश से बचाव के लिए सभी इंतजाम किए गए है।